

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 18 मार्च 2026

संवत 2082, चैत्र कृष्ण 15 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 182, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

4 ▸▸ डिजिटल अलगाव नहीं अब परिवेश से जुड़ाव की ओर जूमर्स

मलाइका अरोड़ा ने लॉन्च किया नया लाइफस्टाइल ब्रांड मेजॉय 6



# इंदौर-दिल्ली में शॉर्ट सर्किट से आग दोनों हादसों में अब तक 17 लोगों की मौत

## साध नगर में इमारत में लगी भीषण आग, तीन बच्चों समेत नौ लोगों की मौत; मजिस्ट्रियल जांच का आदेश





**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिमी जिले के पालम इलाके के साध नगर में एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। आग की इस घटना में से नौ लोगों की मौत हो गई है, कई लोगों के घायल होने की खबरें आ रही हैं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 30 गाड़ियां मौके पर पहुंची।

जानकारी के मुताबिक, आग लगने की इस घटना की शुरूआत सुबह हुई, जब ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कॉस्मेटिक की दुकान में आग लगी। आग तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। आग तेजी से फैली और इमारत के अंदर धुएं का गुबार छा गया। इस कारण अंदर रह रहे लोग बाहर नहीं निकल पाए और मदद के लिए पुकारने लगे। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 30 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि तीन अन्य घायल हुए हैं, जिनमें से दो ने आग से बचने के लिए राम चौक मार्केट, पलम मेट्रो स्टेशन के पास इमारत से कूदने का प्रयास किया।

दमकल विभाग के अनुसार, सुबह करीब 7.04 बजे पालम मेट्रो स्टेशन के पास गली नंबर-2 स्थित एक बिल्डिंग के घर में आग लगने की कॉल मिली थी। सूचना मिलते ही तुरंत 30 दमकल की गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं। पांच मंजिला इमारत में ग्राउंड और पहली मंजिल पर कपड़ा और कॉस्मेटिक शोरूम था, जबकि शोरूम के मालिक राजेन्द्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। राजेंद्र कश्यप मार्केट के प्रधान भी है। इमारत से बचाए गए लोगों में से नौ को अस्पताल में मृत घोषित किया गया। मृतकों में प्रवेश (33), कमल (39), आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22), दीपिका (28) और तीन बच्चे मिल हैं। सचिन (29), अनिल (32) और एक दो वर्षीय लड़की इलाज चल रहा हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कॉस्मेटिक शॉप थी। घर के अंदर ही शोरूम बनाया हुआ था। स्थानीय लोगों का दावा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। जब आग लगी, तो घर में रहने वाले सब सो रहे थे।

मौके से मिली वीडियो फुटेज में इमारत से धुएं के मोटे बादल उठते और आग की लपटें दिखाई दे रही थीं, जबकि दमकलकर्मी संकरी गलियों और धुएं से भरे इंटीरियर्स में प्रवेश कर लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रयास कर रहे थे।अधिकारियों ने कहा कि आग को काबू में कर लिया गया है। क्षेत्र को घेर लिया गया है और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। आग के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है, और जांच जारी है। दिल्ली पुलिस के पालम थाने के पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर दीवार तोड़ने की भी कोशिश की ताकि दीवार तोड़कर लोगों को बचाया जा सके।

**सीएम रेखा गुप्ता ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए :** सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि पालम में बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी आग की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। जिला प्रशासन, दिल्ली फायर सर्विस विभाग और दिल्ली पुलिस बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। घटना की जांच के लिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। सभी की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हूं।

**दिल्ली के उपराज्यपाल ने जताया दुख :** पालम मेट्रो स्टेशन के पास एक रिहायशी इमारत में लगी आग की घटना पर दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'पालम मेट्रो स्टेशन के पास एक रिहायशी इमारत में लगी आग की घटना से मैं बेहद दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं इस दुखद घटना से प्रभावित लोगों के साथ हैं। राहत और बचाव कार्य पर लगातार नजर रखी जा रही है और सभी जरूरी मदद उपलब्ध कराई जा रही है।

## इंदौर हादसे में आठ की मौत, शॉर्ट सर्किट के बाद सिलिंडर फटे



**इंदौर :** इंदौर के बंगाली चौराहे के पास स्थित एक कॉलोनी में बुधवार भोर में भीषण हादसा हो गया। एक मकान में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में आठ लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जांच के अनुसार, पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी हुई थी। सुबह करीब 4 बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार में आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए घर तक पहुंच गई और अंदर रखे गैस सिलिंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने के बाद घर में रखे सिलिंडरों में धमाके शुरू हो गए। पुलिस के अनुसार एक के बाद एक चार सिलेंडर फटे, जिससे मकान का एक हिस्सा ढह गया।

जिस मकान में आग लगी वो पुगलिया परिवार का है। इस परिवार में एक कार्यक्रम था। इसकी वजह से कई रिश्तेदार घर पर रूके हुए थे। इसी कारण जनहानि ज्यादा हुई। अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है।

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के मुताबिक, तिलक नगर थाना क्षेत्र में सुबह 4 बजे आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। तीन मंजिला मकान में पुगलिया परिवार रहता था। इस परिवार के सदस्य ऊपरी मंजिल में सो रहे थे जबकि इनके यहां बिहार से मनोज सेठिया का परिवार आया हुआ था जो ग्राउंड फ्लोर में सो रहा था। इसी सेठिया परिवार के छह लोगों की मौत हादसे में हुई है जबकि दो लोग पुगलिया परिवार के हैं। वहीं घटना में तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि घर में इलेक्ट्रॉनिक लॉक लगे हुए थे। आग के दौरान बिजली सप्लाई बंद हो जाने से ये लॉक नहीं खुल सके, जिससे अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलने में काफी दिक्कत हुई। दरवाजे तोड़कर रेस्क्यू करना पड़ा। प्रारंभिक तौर पर यह भी माना जा रहा है कि आग के कारण घर में रखे गैस सिलिंडरों में विस्फोट हुआ, जिससे हादसा और भी भयावह हो गया।

## दिल्ली और इंदौर अग्निकांड पर पीएम मोदी ने जताया शोक

### पीड़ित परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी दिल्ली के पालम और मध्य प्रदेश के इंदौर में आग लगने के कारण कई लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक मदद की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने यह जानकारी दी। मध्य प्रदेश के इंदौर की घटना पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, ₹प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मध्य प्रदेश के इंदौर में आग लगने की घटना में हुई जान-माल की हानि से गहरा दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।₹ एक अन्य पोस्ट में दिल्ली की घटना पर दुख जताया गया। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दिल्ली के पालम में आग लगने की घटना दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर करे कि घायल जल्द से जल्द स्वस्थ हों।



उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि पीएमएनआरएफ (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) की ओर से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

बता दें कि दिल्ली के पालम में बुधवार सुबह 7:04 बजे राम मार्केट में स्थित चार मंजिला इमारत में आग लग गई। यह इमारत राजेंद्र कश्यप की थी, जिसमें बेसमेंट, ग्राउंड और पहली मंजिल पर उनका कपड़े और कॉस्मेटिक का शोरूम था और दूसरी-तीसरी मंजिल पर उनका परिवार रहता था। इस घटना में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई।

वहीं, मध्य प्रदेश के इंदौर में कार चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई, जिसने विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में कम से कम 8 लोग आग के चलते मर गए। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को बंगाली चौराहा क्षेत्र में स्थित बृजेश्वरी कॉलोनी में कार को चार्ज किया जा रहा था, तभी चार्जिंग के दौरान आग लग गई और देखते ही देखते इस आग ने विकराल रूप ले लिया। पूरी इमारत में आग की लपटें नजर आने लगीं। इस आग की चपेट में घर के अंदर रखे गैस सिलेंडर भी आ गए और एक-एक कर कई गैस सिलेंडर में धमाका हुआ। इसके चलते मकान का कुछ हिस्सा भी ढह गया।

## रामनवमी में डीजे बैन पर भाजपा विधायक का विरोध प्रदर्शन



**रांचीः** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन विधानसभा का पोर्टिको जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा के पोर्टिको में भाजपा और आजसू के विधायकों ने भगवान श्रीराम की तस्वीर लेकर नारे लगाए। विपक्षी विधायकों ने हजारीबाग में रामनवमी के जुलूस में डीजे बजाने पर लगी प्रशासनिक रोक का तख्ती बैनर लेकर विरोध किया। इसके साथ ही हेमंत सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया।

सदन के बाहर प्रदर्शन कर रहे भाजपा और आजसू के विधायकों ने कहा कि हजारीबाग के बड़कागांव के महूदी में रामनवमी के दौरान जुलूस में डीजे बजाने पर रोक लगा दी है। विधायकों ने कहा कि प्रशासनिक रोक इसलिए लगाई गई है, ताकि एक विशेष समुदाय को खुश किया जा सके। हजारीबाग के भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा इस तरह के तुगलकी फरमान को हजारीबाग की जनता नहीं मानेगी।

**सदन में उठाएंगे मुद्दाः प्रदीप प्रसाद :** विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान वह इस मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रतिबंध स्थानीय लोगों की परंपराओं और उत्सवों पर सीधा असर डालता है। भाजपा और आजसू विधायकों ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हेलीकॉप्टर से रामनवमी में फूलों की वर्षा करें तो उनका भला होगा।

**आखिर सेंसेटिव क्यों बना हुआ है महूदीः** नेता प्रतिपक्ष रामनवमी के दौरान प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे तरह-तरह के प्रतिबंध को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस महूदी को सेंसेटिव बताकर वहां रामनवमी को लेकर प्रतिबंध लगाए गए हैं, वह सेंसेटिव क्यों बना हुआ है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि माहौल खराब करने वाले गुंडों पर कठोर कार्रवाई की जगह उसे प्रोत्साहित कर क्षेत्र को सेंसेटिव बनाकर रखा है। उसी के आड़ में रामनवमी जुलूस को लेकर प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

**माहौल बिगाड़ने और उकसाने वाले विधायकों पर कार्रवाई होगीः** मंत्री भाजपा-आजसू विधायकों द्वारा बुधवार को डीजे विवाद पर सदन के बाहर प्रदर्शन पर मंत्री इरफान अंसारी प्रतिक्रिया दिए। मंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि माहौल बिगाड़ने और इसके लिए लोगों को उकसाने वाले विधायकों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि रामनवमी मनाने पर कहीं कोई रोक नहीं है, बल्कि डीजे बजाने पर रोक है। क्योंकि कोर्ट के आदेश के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी यह खतरनाक होता है। उन्होंने कहा कि कई विधायक पहली बार विधायक बनें हैं, ऐसे में उनमें ज्ञान की कमी है। ऐसे में वह स्पीकर से आग्रह करेंगे कि इनके लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई जाए।



## बीरभूमि में विस्फोटक बरामद, चुनाव से पहले बंगाल को दहलाने की थी साजिश

**कोलकाताः** बंगाल में विधानसभा चुनाव की तरीखों की घोषणा होने के महज तीन बाद बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ है। यह बरामदगी बीरभूमि इलाके से हुई है। ग्रामीणों ने विस्फोटक से लदे एक ट्रैक्टर को तस्करी के दौरान जब्त कर पुलिस को सौंप दिया है। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पुलिस ने विस्फोटक से लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। यह घटना बीरभूमि के नलहाटी पुलिस स्टेशन के कदासिर गांव में हुई है। लोगों का कहना है कि पुलिस को यह पता लगाना चाहिए कि चुनाव से पहले विस्फोटक सामग्री कहां और क्यों ले जाई जा रही थी।

**सेंट्रल फोर्स ने बढ़ाई गश्त :** पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए विस्फोटकों में 10,000 जिलेटिन स्टिक और 360 डेटोनेटर शामिल हैं। पुलिस का दावा है कि चुनाव से पहले बंगाल को दहलाने की साजिश नाकाम कर दी गयी है। हालांकि, पुलिस इस घटना में किसी को गिरफ्तार करने में असमर्थ रही। घटना के बाद केंद्रीय बलों ने बंगाल के कोने-कोने में गश्त तेज कर दी है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

**दहशत में सथानीय लोग :** स्थानीय लोगों ने बताया कि रात कदासिर गांव की सड़क से विस्फोटकों से लदा एक ट्रैक्टर गुजर रहा था। तभी लोगों ने ट्रैक्टर को रोका। ट्रैक्टर चालक ने इसे तेज रफ्तार समझकर भागने की कोशिश की। बाद में लोगों ने देखा कि ट्रैक्टर पर विस्फोटक लदा हुआ है। इसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नलहाटी पुलिस स्टेशन की पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने विस्फोटक और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। विस्फोटक कौन, किस उद्देश्य से और कहां ले जा रहा था, इसकी जानकारी नहीं है।

### झारखंड में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

## बारिश, वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना, कई जिलों के लिए अलर्ट जारी

संवाददाता

**रांचीः** झारखंड में 19 मार्च से मौसम फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम केंद्र, रांची के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक आंशिक बादल छाए रहेंगे और कई जगहों पर मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। खासकर 19 और 20 मार्च को मौसम ज्यादा सक्रिय रहेगा।

**उत्तर-पश्चिम को छोड़कर शेष भागों में दिखेगा असर :** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक उत्तर-पश्चिमी हिस्सों को छोड़कर राज्य के बाकी क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। वहीं 20 और 21 मार्च को भी कई स्थानों पर बारिश के आसार हैं और आसमान में बादल छाए रहेंगे। जिससे मौसम सुहाना रहेगा, लेकिन अस्थिर बना रहेगा।

**लोगों को सतर्क रहने की सलाह :** मौसम विभाग ने इस दौरान वज्रपात और तेज हवाओं को लेकर चेतावनी भी जारी की है। कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।



ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, खासकर खुले स्थानों, खेतों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने को कहा गया है।

**डाल्टनगंज सबसे गर्म, तो कोडरमा सबसे ठंड :** मौसम केंद्र, रांची की ताजा रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में अब गर्मी धीरे-धीरे असर दिखाने लगी है। 18 मार्च 2026 को जारी आंकड़ों में राज्य के कई प्रमुख शहरों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि कुछ इलाकों में सुबह-शाम हल्की ठंडक बनी हुई है। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 18.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री और न्यूनतम 23.2 डिग्री रहा, जिससे यहां रातें अपेक्षाकृत अधिक गर्म रही।

**झारखंड के प्रमुख शहरों का तापमान :** सबसे अधिक गर्मी डाल्टनगंज में देखने को मिली, जहां पारा 36.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा चाईबासा में 34.8 डिग्री और बोकारो में 32.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान की बात करें तो सबसे कम तापमान कोडरमा में 14.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे ठंडा स्थान रहा।



## खूंटी में पर्यटन विकास को लेकर समीक्षा बैठक, उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

**खूंटी:** जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के समग्र विकास, बेहतर रखरखाव और सुव्यवस्थित प्रबंधन को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आर० रॉनिटा की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के अधिसूचित पर्यटन स्थलों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने डोम्बारीबुरु, पेरवाघाघ, उलिहातु और पंचघाघ सहित अन्य स्थलों पर साफ-सफाई, रखरखाव और प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक आधारभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने पर्यटन स्थलों पर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पर्यटन विकास के लिए प्राप्त सरकारी फंड का पारदर्शी और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले में पर्यटन को नई पहचान मिल सके। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, डीएसपी मुख्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खेल एवं पर्यटन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (एनआरईपी) एवं भवन प्रमंडल सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खूंटी में रामनवमी पर निकली मंगलवारी शोभायात्रा, रामभक्ति में डूबा शहर



**खूंटी :** महापर्व रामनवमी को लेकर जिले में उत्साह चरम पर है। पूरा खूंटी इन दिनों राममय माहौल में सराबोर नजर आ रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले में पहली भव्य मंगलवारी शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

विभिन्न महावीर अखाड़ों द्वारा विधिवत अखाड़ों का उद्घाटन किए जाने के बाद यह शोभायात्रा निकाली गई। केंद्रीय रामनवमी महासमिति के नेतृत्व में दर्जनों मंडलियां ढोल-ताशा, गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते हुए शामिल हुईं। पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय और जोशीला बना दिया।

शोभायात्रा की शुरूआत नेताजी चौक स्थित देवी मंडप से हुई, जो कर्रा रोड, आजाद रोड और मेन रोड होते हुए अपने निर्धारित गंतव्य स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही, जिन्होंने शोभायात्रा का स्वागत किया।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पूरे आयोजन की निगरानी खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक के नेतृत्व में की गई। शोभायात्रा की अगुवाई केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष अनूप साहू, महामंत्री जितेंद्र कश्यप, ज्योतिष भगत, सुनील कुमार साहू सहित समिति के अन्य सदस्यों ने की।

रामनवमी के इस भव्य आयोजन ने जिले में धार्मिक उत्साह और सामाजिक एकता की अनूठी मिसाल पेश की है। आने वाले दिनों में भी विभिन्न अखाड़ों और समितियों द्वारा कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**मुरी :** मुरी-गोला रोड में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई ,जो बुरी तरह से घायल था दो दिन जीवन से जुझने के बाद सांस रूक गई। असुर कोड़ा का रहने वाला था।युवक की मौत से घर में मातम का महौल है।ज्ञात हो कि मुरी- गोला रोड में हमेशा आए दिन सड़क दुर्घटना में किसी न किसी की जान जा रही है कारण सड़क निर्माण कार्य चल रहा है बनाने वाला कंपनी सड़क को कोड़ -काड़ कर महीनों छोड़ देता है।थोड़ा सा पतला रास्ता आने जाने हेतु छोड़ देता है इस रास्ते से स्कुली बच्चे ,बुडा.-बुडी, युवक- युवती, औरत सभी का आना जाना है। बड़ी गाड़ी से पार करते समय हमेशा छोटी गाड़ी वाले असंतुलित हो कर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।कुछ दिन पहले बड़ी गाड़ी का आने जाने पर प्रतिबंध लगा था। लेकिन बडी गाड़ी वाले मान नहीं रहे हैं । दुसरी तरफ कंपनी का सड़क बनाने में घोर लपरवाही है जिसके कारण हादसे होते रहता है। स्कुल के बच्चों का बस भी गोला रोड होकर से जाता है रास्ते पुरी तरह से ठीक नहीं होने के कारण गाड़ी भी ठीक तरह से नहीं चलती उबड खाबड़ बहुत ज्यादा है । इसको लेकर राजनीति भी हुआ पर कोई असर नहीं है। कंपनी मनमानी पर उतरा हुआ है। रास्ते में कहीं भी सुरक्षा को लेकर न कोई बोर्ड है, न उपाय बरता जा रहा है।

## महिलाओ की विशाल मंगलवारी जुलूस निकली



**रांची :** शिव हनुमान मंदिर से श्री महावीर मंडल मकचुन्द टोली चुटिया के तत्वावधान में महिलाओ की विशाल मंगलवारी जुलूस निकली जो लोअर चुटिया मेन रोड, मध्य चुटिया होते हुए प्राचीन श्रीराम मंदिर तक गई ,वंहा से वापस मकचुन्द टोली आयी इस जुलूस में शामिल भक्ति मे सराबोर महिलाओ ने पुरे जोशो-खरोश के साथ जय श्रीराम, जय हनुमान , बजरंग बली के नारो के लगाकर पुरे क्षेत्र को राममय कर दिया ।

इस जुलूस मे मुख्य रूप से थाना प्रभारी चुटिया ज्ञानी महतो ,रवि सिंह ,ललिता महतो ,पूजा सिंह, रेखा महतो,पिंकी सिंह, ममता कुमारी बिना सिंह,कीरण देवी ,प्रियंका राय, प्रति सिह महतो ,रेखा केशरी , मोनी देवी ,आशा देवी,सुलेखा देवी पूनम देवी बबीता देवी ,नैनासी कुमारी प्रीति कुमारी , सुनिता देवी सुनिता देवी, ज्योति महतो भुवन महतो ,आशीष महतो,रिशु कुमार ,धनंजय सिंह, विक्की महतो तथा काफी संख्या मे महिलाए, मंदिर समिति के सदस्य शामिल हुए।

# अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन तस्कर गिरफ्तार,दो फरार



**संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्पाद विभाग और वशिष्ठ नगर जोरी थाना की संयुक्त टीम ने पोस्तिया गांव में संचालित अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया। छापेमारी के दौरान मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो अन्य फरार हो गए हैं। फरार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के पोस्तिया गांव के बरवा टोला स्थित अनिल यादव के घर में छापेमारी की गई। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी द्वारा स्पिरिट में कैरेमल और एसेंस मिलाकर नकली विदेशी शराब तैयार की जा रही थी। तैयार शराब को नामी ब्रांड की बोतलों में भरकर उस पर नकली लेबल एवं होलोग्राम लगाकर बिहार राज्य के बाजार में खपाने की तैयारी थी।छापेमारी के दौरान टीम ने भारी मात्रा में अवैध सामग्री जब्त की। इसमें 1318 बोतल (करीब 577.875 लीटर) बोतलबंद विदेशी शराब, रॉयल स्टैग और रॉयल चैलेंज व्हिस्की के ढक्कन, 35 लीटर स्पिरिट, 20 लीटर रंगीन शराब के साथ एक मारुति स्विफ्ट कार शामिल है।इस संबंध में अधीक्षक उत्पाद प्रेम प्रकाश उरांव ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ झारखंड उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को ध्यान में रखते हुए जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा।इस कार्रवाई में अधीक्षक उत्पाद प्रेम प्रकाश उरांव, अवर निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय, अभिषेक आनंद, उत्पाद आरक्षी दल, गृहरक्षक बल, महिला गृहरक्षक एवं एएसआई विजय कुमार के नेतृत्व में वशिष्ठ नगर थाना की टीम सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

# चतरा में 'प्रार्थना' की आड़ में धर्मांतरण का खेल, ग्रामीणों ने खदेड़ा



- परमेश्वर देंगे संतान और बीमारी से मुक्ति
- झूठे वादों के जाल में फंसाए जा रहे थे बेगुनाह ग्रामीण।
- ग्रामीणों की मुस्तैदी से भंडाफोड़
- बिहार से आए 'प्रचारकों' ने भागकर बचाई जान
- प्रशासन से कार्रवाई की मांग।

**संवाददाता**

**चतरा :** जिले से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने पूरे इलाके में सांप्रदायिक और सामाजिक हलचल तेज कर दी है। मामला प्रतापपुर थाना क्षेत्र के हुमाजांग पंचायत स्थित बसबूट्टा गांव का है। यहाँ काफी समय से बंद कमरों के भीतर 'प्रार्थना' के नाम पर धर्मांतरण का एक व्यवस्थित जाल बुना जा रहा था।ग्रामीणों का आरोप है कि बाहर से आए कुछ लोग गरीब, अशिक्षित और दलित परिवारों को निशाना बना रहे थे। साजिश का तरीका बेहद शातिर था। महिलाओं को पैसे का लालच दिया जाता था और यह दावा किया जाता था कि 'बाइबल' पढ़ने और 'परमेश्वर' की प्रार्थना करने से निःसंतानों को संतान मिलेगी और गंभीर बीमारियां जादू की तरह ठीक हो जाएंगी। गोविंद यादव के घर को इस गतिविधियों का केंद्र बनाया गया था, जहाँ आसपास के गांवों से महिलाओं को टेंपो और टोटो में भरकर लाया जा रहा था।

**स्थानीय महिला बताया धनेसरी देवी ने बताया कि :** हमारे घर पर कुछ बाहर से लोग आए थे। बोले कि परमेश्वर की प्रार्थना करो, परिवार का ध्यान रखा जाएगा और पैसे भी मिलेंगे। बोले कि दुख दूर हो जाएगा। हमने साफ मना कर दिया। हमारा पूरा जीवन अपने देवी-देवताओं की पूजा में बीता है, हम धर्म नहीं बदलेंगे। रविवार को जब ग्रामीणों के सब्र का बांध टूटा, तो उन्होंने एकजुट होकर इस बैठक पर धावा बोल दिया। ग्रामीणों ने बाहर से आए पादरियों को रंगे हाथों पकड़ा और उनके 'गंदे खेल' का कड़ा विरोध किया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखकर पादरी और उनके सहयोगी वहां से दुम दबाकर भाग खड़े हुए। स्थानीय महिला धनवंती देवी ने बताया कि हमें भी चंद रुपयों का लालच दिया गया। कहा गया कि पिता परमेश्वर की प्रार्थना करो और बाइबल पढ़ो, तो घर का दुख दूर होगा और खर्चा चलाने के लिए पैसे भी मिलेंगे। हमने उन्हें साफ कह दिया कि हम ये सब नहीं कर सकते। पकड़े गए लोगों में बिहार के इमामगंज थाना क्षेत्र के मल्हारी गांव का रहने वाला प्रयाग कुमार भी शामिल था, जिसने कैमरे पर अपनी मौजूदगी और प्रार्थना की बात स्वीकार की है।आरोपी प्रचारक प्रयाग कुमार ने बताया कि मैंने यहाँ एक नया घर बनाया था, उसी में प्रार्थना करने आया था। मैं बिहार के इमामगंज के मल्हारी से आया हूँ। हाँ, मैं परमेश्वर की प्रार्थना कर रहा था।बसबूट्टा गांव के लोगों ने अब जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस से गुहार लगाई है कि ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाए, जो गरीबी का फायदा उठाकर लोगों की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। फिलहाल गांव में तनावपूर्ण शांति है और ग्रामीण अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए लामबंद हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस संगठित धर्मांतरण के नेटवर्क पर क्या कार्रवाई करता है।

### चतरा में रामनवमी की धूम

# हिंदू राष्ट्र संघ के नेतृत्व में शक्ति प्रदर्शन



**संवाददाता**

**चतरा :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव यानी रामनवमी को लेकर चतरा में उत्साह अपने चरम पर है। चैत्र माह के दूसरे मंगलवार को चतरा की सड़कों पर आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा शहर राममय हो गया। हिंदू राष्ट्र संघ के तत्वावधान में निकाली गई इस भव्य शोभा यात्रा में जहाँ पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूँज थी, वहीं जीवंत झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच निकली इस यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।मंगलवार की शाम चतरा के गौरक्षणि परिसर में श्रद्धालुओं का जमावड़ा शुरू हुआ। रामनवमी समिति के अध्यक्ष कन्हाई पांडेय, महासचिव पप्पू यादव, हिमांशू कुमार, राजेश साह और जीतू जैन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को पारंपरिक 'पट्टा और लाठी भेंट कर जुलूस का आगाज किया। इसके बाद गाजे-बाजे और जयघोष के साथ शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्ग की ओर बढ़ी। इस बार जुलूस में निकाली गई झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। 'काली तांडव', 'मसान होली' और 'राधा-कृष्ण' के साथ-साथ 'हनुमान जी' के स्वरूप को देख लोग भाव-विभोर हो गए। युवाओं की टोली हाथों में भगवा ध्वज लिए ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमती नजर आई। यह जुलूस केसरी चौक, गुदरी बाजार, पोस्ट ऑफिस और मेन रोड होते हुए पुनः गौरक्षणि परिसर पहुँचकर संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। शहरवासियों ने भी जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि रामनवमी तक हर मंगलवार को इसी तरह के आयोजन किए जाएंगे, जिससे शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहेगा। चतरा का यह दूसरा मंगला जुलूस इस बात का प्रमाण है कि रामनवमी को लेकर लोगों में कितनी गहरी आस्था है। अब शहर को इंतजार है रामनवमी के मुख्य दिन का, जब भक्ति का यह स्वरूप और भी विशाल होगा।

### खूंटी में नीलगाय और हिरण की मौजूदगी, फसलों को नुकसान

## किसानों में खुशी के साथ आतंक भी किसानों की फसलें हो रही बर्बाद



**संवाददाता**

**खूंटी :** खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र से महज एक दो किलोमीटर दूर स्थित इदरी गांव में इन दिनों जंगली जानवरों की आवाजाही किसानों के लिए चिंता का कारण बन गई है। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले करीब तीन वर्षों से एक नीलगाय और कई हिरण इस क्षेत्र के आसपास देखे जा रहे हैं, जो अक्सर खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गांव के किसानों का कहना है कि इदरी के जंगलों में ये जानवर दिनभर छिपे रहते हैं और जैसे ही शाम ढलती है, खेतों की ओर निकल आते हैं। खासकर रात के समय इनकी गतिविधि ज्यादा बढ़ जाती है, जिससे फसलों की सुरक्षा करना मुश्किल हो जाता है। इदरी गांव के सादिक खान ने बताया कि नीलगाय और हिरणों को लंबे समय से गांव के जंगल और नॉलेज सिटी के लिए अधिग्रहीत जमीन के आसपास देखा जाता रहा है। हालांकि हाल के दिनों में हिरणों की संख्या कम दिखाई दे रही है, जिससे ग्रामीणों के बीच यह सवाल बना हुआ है कि वे अचानक कहां चले गए। लेकिन रात के समय उनकी मौजूदगी अब भी महसूस की जाती है। किसानों के अनुसार, पहले ये जानवर मटर, टमाटर और गोभी जैसी फसलों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचाते थे, लेकिन इस बार तरबूज की खेती को भारी क्षति हो रही है। खेतों में लगे तरबूज को ये जानवर बार-बार नष्ट कर रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि वे इन जानवरों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। उल्टा, कई लोग इन्हें देखने के लिए जंगल की ओर भी जाते हैं। खूंटी जैसे इलाके के इतने करीब जंगली जीवों की मौजूदगी से लोग उत्साहित भी हैं, लेकिन किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में वन विभाग को पहले ही सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उचित कदम उठाए जाएं, ताकि फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## चतरा में एसएसबी जवान ने सर्विस राइफल से खुद को मारी गोली, मौत

**प्रवीण सिंह**



**चतरा।** जिले से एक बेहद दुखद और सनसनीखेज खबर सामने आई है। सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला ओपी पिकेट में तैनात एसएसबी के एक जवान ने खुदकुशी कर ली है। बीती रात करीब 09:15 बजे जवान ने अपनी ही सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद सुरक्षा कैंप और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मृत जवान की पहचान देवघर जिले के महतोडीह गांव निवासी प्रह्लाद कुमार सिंह के रूप में की गई है। प्रह्लाद एसएसबी की 35वीं बटालियन में तैनात थे और वर्तमान में सिमरिया के शिला पिकेट पर उनकी ड्यूटी लगी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात के सन्नाटे में अचानक गोली चलने की आवाज आई, जिसके बाद साथी जवान मौके पर पहुंचे तो प्रह्लाद खून से लथपथ पड़े थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए चतरा एसपी और एसएसबी कमांडेंट देर रात ही मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस और विभाग आपसी कलह या मानसिक तनाव जैसे हर पहलू पर सघन जांच कर रही है।

## सिस्टम की लापरवाही ने ली बेजुबान की जान



**चतरा :** जिले न कान्हाचट्टी प्रखंड के सिमरडीह गांव में सिस्टम की बेरुखी ने एक मासूम हिरण की जान ले ली। भीषण गर्मी के बीच प्यास बुझाने के लिए जंगल से भटककर गांव की ओर आए हिरण की, खेतों में लगे कटीले तारों में फंसने से दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने इसे वन विभाग की घोर लापरवाही करार देते हुए कहा कि यदि जंगलों में पानी की व्यवस्था होती, तो बेजुबान गांव का रुख नहीं करता। सूचना मिलते ही कोल्हेया राजपुर वन प्रक्षेत्र की टीम ने शव को कब्जे में ले लिया। वन क्षेत्र पदाधिकारी अजीत राम ने बताया कि हिरण का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा होगा। मौके पर वनरक्षी अवधेश कुमार, आशीष लाल समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे। फिलहाल, इस घटना से ग्रामीणों में भारी रोष है और वे प्रशासन से जंगलों में पानी के पुख्ता इंतजाम की मांग कर रहे हैं।

## गिद्धौर के बांय गांव में सनसनी, कलयुगी मां ने नवजात को कुएं में फेंका



**चतरा :** एक तरफ जहां दुनिया में मां को भगवान का रूप माना जाता है, वहीं चतरा से एक ऐसी खबर आई है जो आपकी रूह कंपा देगी। गिद्धौर थाना क्षेत्र के बांय गांव में ममता का गला घोंटा गया है। एक नवजात शिशु, जिसने अभी ठीक से दुनिया की हवा भी नहीं महसूस की थी, उसे उसकी अपनी ही जननी ने कुएं के गहरे पानी में फेंक कर मौत की नींद सुला दिया। मंगलवार को जब कुएं से उस नन्हीं जान का शव निकला, तो देखने वालों की आंखें नम हो गईं और कलेजा फट गया।घटना का खुलासा तब हुआ जब बांय गांव के इंदरवा कुएं के पास कुछ चरवाहे मवेशी चरा रहे थे। इसी दौरान उन्हें कुएं के भीतर से असहनीय दुर्गंध आई। जब उन्होंने करीब जाकर देखा, तो पानी में एक नवजात शिशु का शव तैर रहा था। देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गई और कुएं के पास ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा।



## सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर राहे थाना में शांति समिति की बैठक

**राहे :** सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए मंगलवार को राहे थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि 20 या 21 मार्च को ईद मनाया जाना है। तथा राहे मस्जिद में नमाज पढ़ी जाएगी। सरहुल महोत्सव 21 मार्च को कटियाडीह - राहे - गोमदा तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रामनवमी को राहे में शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।रामनवमी और सरहुल जुलूस के दौरान बैरिकेडिंग, आवागमन का रूट डायवर्ट, अतिरिक्त पुलिस बल, चिकित्सा व्यवस्था, महिला पुलिस बल सहित अन्य सुविधा की मांग की गई। सरहुल शोभा यात्रा से संबंधित चर्चा किया गया। बैठक में शांति पूर्ण वातावरण में पर्व को मानने का निर्णय लिया गया।मौके पर राहे सीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार,बीडीओ अशोक कुमार,थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह, एसआई एस टुडू, उप प्रमुख उमेश महतो,मुखिया कृष्णा पातर, श्याम सिंह मुंडा, पांडु मुंडा, अमजद अली, कासिम अंसारी, मोईन अंसारी,मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, बिलु ठाकुर, सुरेंद्र प्रजापति,मुकेश बैठा, संतोष बैठा, लहरू महली,सुभाष महतो,अक्षय महतो,आदि मौजूद थे।

## मेजर शैतान क्लब रामनवमी समिति के अध्यक्ष बने अमर सोनकर



**रांची :** श्री श्री आदर्श दुर्गा पूजा समिति के प्रांगण में संध्या 7:30 बजे मेजर शैतान क्लब रामनवमी समिति की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में अमर सोनकर को चुना गया, उपाध्यक्ष रवि रवानी एवं सुमन ठाकुर, सचिव परमेंद्र चौहान, सहसचिव सनी विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष पीयूष बर्मन एवं उप कोषाध्यक्ष पिंकू जायसवाल, पूजा प्रभारी, रमेश ठाकुर रवि रवानी हर्ष ठाकुर, पिंटू यादव एवं सोनू जोशी, कार्यकारिणी सदस्यों में आनंद कसेरा, नितेश विश्वास, श्रवण सोनकर, डाबला यादव, प्रिंस ठाकुर, सोनू जोशी, मोनू विश्वकर्मा, अभय ठाकुर, गणेश प्रजापति, पुतुल प्रजापति इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे, वार्ड पार्षद राजू प्रसाद कसेरा, दिलीप यादव, सोनू यादव, कुलदीप ठाकुर, बाबा ठाकुर, अनीश चौहान, अमन प्रजापति, सिंटू यादव, सौरभ विश्वास, ठाकुर तारक प्रजापति, दिलीप प्रजापति, रितेश प्रजापति इस बैठक में उपस्थित थे।

## हयात का नया प्रोजेक्ट रोजगार और निवेश की बढ़ी संभावनाएं

**रांची:** होटल इंडस्ट्री में बढ़ते विस्तार के बीच हयात होटल्स कॉर्पोरेशन ने नए प्रोजेक्ट के लिए समझौता किया है, जिससे रोजगार और निवेश की संभावनाएं बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार 140 कमरों वाला यह होटल आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिसमें रेस्टोरेंट, बॉलरूम, कॉन्फ्रेंस रूम, फिटनेस सेंटर और स्विमिंग पूल शामिल होंगे। हयात के भारत एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया के रियल एस्टेट एवं डेवलपमेंट उपाध्यक्ष ध्रुव राठौर ने बताया कि देश के तेजी से विकसित हो रहे शहरों में होटल सेक्टर की मांग बढ़ रही है और इसी कड़ी में अहमदाबाद में हयात प्लेस अहमदाबाद निकोल प्रोजेक्ट विकसित किया जा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे प्रोजेक्ट्स से झारखंड जैसे राज्यों में भी होटल इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

### झारखंड में ब्लड कलेक्शन बढ़ाने की नई पहल

# एजेंसी के जरिए नियमित डोनेशन कैंप होंगे आयोजित

### हर कैंप से कम से कम 100 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में रक्त की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए ब्लड सेपरेशन यूनिट के बेहतर संचालन के लिए राज्य सरकार अब नई रणनीति पर काम कर रही है। इसी क्रम में आज श्री अजय कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें ब्लड डोनेशन और कलेक्शन को सुदृढ़ बनाने के लिए एजेंसी हायर करने के लिए आरएफपी पर विस्तृत विमर्श किया गया।



बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित एजेंसी राज्यभर में नियमित रूप से ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करेगी, ब्लड बैंक संचालन में सहयोग करेगी और रक्त संग्रह की प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाएगी।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में हर साल लगभग 1.5 से 2 लाख यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, जिसे सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब रिप्लेसमेंट ब्लड की व्यवस्था समाप्त होने के कारण रक्त संग्रह की चुनौती बढ़ गई है और वर्तमान में यह केवल स्वैच्छिक दान और कैंपों के माध्यम से ही संभव हो पा रहा है।

उन्होंने निर्देश दिया कि आवश्यकता पड़ने पर प्रत्येक जिले में ब्लड कलेक्शन के लिए विशेष वाहनों की खरीद, कलेक्शन यूनिट की स्थापना और आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही एजेंसी को कॉलेज, कार्यालय, पंचायत स्तर तक कैंप आयोजित करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। अर्धसैनिक बलों जैसे सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के कैंपों में भी व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक कैंप में कम से कम 100 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा जाएगा, ताकि राज्य में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।पारदर्शिता और निगरानी को मजबूत करने के लिए अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि रक्त संग्रह के दौरान डोनर की फोटो ली जाए और उसे बारकोड के साथ जोड़ा जाए। साथ ही ब्लड जांच की प्रक्रिया को मशीन से सीधे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने की व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता पर रोक लगाई जा सके। इसके लिए एक समर्पित पोर्टल विकसित करने की आवश्यकता भी जताई गई।

बैठक में सिकल सेल बीमारी पर भी चर्चा हुई और इसे ध्यान में रखते हुए रक्त संग्रह और प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया। इस बैठक में झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी एवं झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के कार्यकारी निदेशक श्री छवि रंजन, श्री शशि प्रकाश झा, डीआईसी डॉ. सिद्धार्थ सान्याल, संयुक्त निदेशक श्रीमती रीतु सहाय सहित कई चिकित्सक और अधिकारी उपस्थित रहे।

# हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी उप समिति की बैठक

### ऑनलाइन प्रक्रिया में तकनीकी बाधाओं से वाहन व्यवसाई परेशान

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी उप समिति की बैठक मंगलवार को चैंबर भवन में हुई जिसमे वाहन मालिकों, ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों एवं संबंधित स्टेकहोल्डर्स को एनआईसी झारखंड एवं जिला परिवहन कार्यालय की ऑनलाइन प्रक्रियाओं के कारण हो रही समस्याओं पर चर्चा की गई।

सदस्यों द्वारा बताया गया कि एचएमवी, जेसीबी, लोडर एवं बसों का टेम्परारी रजिस्ट्रेशन में डिस्ट्रिक्ट नेम में सुधार नहीं किया जा रहा है, जिससे वाहन मालिकों को अनावश्यक परेशानी हो रही है। इसी प्रकार बीएस 4 वाहनों का निबंधन लंबित होने की बात भी कही गई। यह भी बताया गया कि नए ट्रेड लाइसेंस के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया एनआईसी की तकनीकी समस्याओं के कारण बाधित है, विशेष रूप से फॉर्म 16ए के सर्टिफिकेट की अनावश्यक मांग के चलते आवेदन पूर्ण नहीं हो पा रहा है। सदस्यों ने यह कहा कि नाम ट्रांसफर की प्रक्रिया भी जटिल हो गई है, जिससे साधारण कार्य में अत्यधिक समय लग रहा है। रांची जिला परिवहन कार्यालय में अनावश्यक विलंब एवं शुल्क वसूली को लेकर भी सदस्यों द्वारा चिंता जताई गई। कहा गया कि एनआईसी का ऑनलाइन सिस्टम सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रहा है, बावजूद शुल्क जमा कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं। बस एवं टैक्सी का निबंधन भी वीएलटीडी के कारण एक माह से नहीं हो रहा है। बैठक में विभिन्न कंपनियों के डीलरों ने इन समस्याओं पर चिंता व्यक्त की और झारखण्ड चैम्बर से इस मामले में हस्तक्षेप कर शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक में जेसीबी, महिंद्रा, अशोक लीलैंड, एल एंड टी, आयशर तथा टाटा सहित विभिन्न कंपनियों के डीलरगण तरुण कुमार, मोहित पोद्दार, सुनील कुमार, निकुंज मोदी के अलावा उप समिति के चेयरमैन अभिषेक नेमानी, अभिषेक मोदी, सदस्य के. जमील, प्रकाश हेतमसरिया, एस. पी. पाण्डेय, झारखण्ड चैम्बर के कार्यकारिणी सदस्य अनिश बुधिया उपस्थित थे।

# सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा के 'शून्य काल' में उठाई लोहरदगा रेलवे स्टेशन के नामकरण की मांग

### 1857 के महानायक 'शहीद पाण्डेय गणपत राय' के नाम पर स्टेशन का नाम रखने का किया आग्रह

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के वीर सपूतों और ऐतिहासिक धरोहरों को राष्ट्रीय पटल पर सम्मान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने आज संसद के 'शून्य काल' के दौरान लोहरदगा रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर शहीद पाण्डेय गणपत राय रेलवे स्टेशनह्व करने की पुरजोर मांग रखी।

**सदन में गूंजी झारखंड के गौरव की आवाज :** सांसद दीपक प्रकाश ने सदन को अवगत कराया कि लोहरदगा की माटी ने देश को पाण्डेय गणपत राय जैसा महान सेनानी दिया है, जिन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में मुक्ति वाहिनी के सेनापति के रूप में अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थीं। उन्होंने कहा कि लोहरदगा के भौंरो गाँव में जन्मे इस वीर ने 21 अप्रैल 1858 को मातृभूमि के लिए हंसते-हंसते फांसी स्वीकार की। विदेशी दासता के आगे न झुकने वाला उनका यह बलिदान आज भी झारखंड के जन-जन के लिए प्रेरणा का पुंज है। सदन के माध्यम से रेल मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट करते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि इतिहास के पन्नों में सीमित रह गए ऐसे ह्यवल्ल२४ल्लॅ ल्ली१ङ्की२ह्ल को मुख्यधारा में पहचान दिलाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि

लोहरदगा रेलवे स्टेशन का नामकरण शहीद पाण्डेय गणपत राय के नाम पर करना न केवल उस महान आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के भीतर राष्ट्रभक्ति और गौरव का संचार करेगा।

सांसद ने रेल मंत्री से इस विषय पर सकारात्मक और त्वरित निर्णय लेने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल एक नाम बदलने की मांग नहीं है बल्कि यह झारखंड की वीर प्रसूता धरती के सम्मान और करोड़ों लोगों की जनभावनाओं से जुड़ा विषय है।

# सीएजी रिपोर्ट का राजनीतिकरण कर रही भाजपा : कांग्रेस

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का काम केवल भ्रम फैलाना और संवैधानिक संस्थाओं की रिपोर्ट का राजनीतिकरण करना रह गया है। उन्होंने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट को आधा-अधूरा और तोड़-मरोड़ कर पेश करना भाजपा की पुरानी आदत है।

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि आदित्य साहू को यह भी बताना चाहिए कि केंद्र सरकार के पास झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपया बकाया क्यों है? अगर केंद्र यह हक दे दे, तो राज्य के विकास की गति चौगुनी हो जाएगी। केंद्र सरकार राज्य का पैसा रोककर खुद वित्तीय कुप्रबंधन को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएजी रिपोर्ट में जिन उपयोगिता प्रमाण पत्रों और वित्तीय विसंगतियों का जिक्र अक्सर होता है, उनमें से एक बड़ा हिस्सा पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल का है। हेमंत सरकार तो पिछली सरकार के छोड़े गए वित्तीय कचरे को साफ करने का काम कर रही है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि 14वें वित्त आयोग के पैसे को लेकर भाजपा का बयान हास्यास्पद है। केंद्र सरकार नियम और शर्तों के नाम पर जानबूझकर झारखंड जैसे आदिवासी बहुल राज्य के फंड को बाधित करती है। कांग्रेस प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा के पास जब कोई मुद्दा नहीं बचता, तो वे जांच एजेंसियों का नाम लेने लगते हैं। राज्य सरकार हर मोर्चे पर पारदर्शी है। युवाओं को नियुक्तियां दी जा रही हैं, सरकार आपके द्वार के जरिए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे भाजपा बौखला गई है।

## झारखंड कांग्रेस के सात नेता तीन वर्षों के लिए निष्कासित

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न रहने वाले सात नेताओं को अगले तीन सालों के लिए निष्कासित कर दिया है। समिति के चेयरमैन डॉ. रामेश्वर उरांव के नेतृत्व में लिए फैसले में सभी नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया गया है। निष्कासित होने वाले नेताओं का नाम महशर इमाम एवं सच्चिदानंद सिंह, गिरिडीह और सिमडेगा जिला के नमिता बा, आकाश सिंह, दिलीप तिर्की, शिशिर मिंज, पतरस एक्का हैं। जारी आदेश के अनुसार महशर इमाम एवं सच्चिदानंद पर लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के कारण उन्हें बीते 13 जनवरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

उनके द्वारा 18 जनवरी को जो जवाब दिया गया, वह पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने असंतोषजनक पाया। सिमडेगा जिला के नमिता बा, आकाश सिंह, दिलीप तिर्की, शिशिर मिंज, पतरस एक्का पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार के खिलाफ नगर निकाय चुनाव में काम करने का आरोप लगा। यह जानकारी पार्टी के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने दी।

## अपने 15 वर्षों के शासन का हिसाब दे भाजपा : मुंजनी

**रांची :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के बयानों पर पलटवार करते हुए मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने सोमवार को कहा कि यह पूरी तरह भ्रामक और राजनीतिक है। मुंजनी ने कहा कि जनता को गुमराह करने से पहले भाजपा को अपने 15 वर्षों के शासनकाल का हिसाब देना चाहिए, जब झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद लंबे समय तक भाजपा सत्ता में रही, लेकिन उस दौरान न तो पर्याप्त अस्पतालों का निर्माण हुआ, न डॉक्टरों और नर्सों की बहाली की गई और न ही ब्लड बैंक सिस्टम को मजबूत किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं लगभग नगण्य थीं। मरीजों को बुनियादी इलाज के लिए भी भटकना पड़ता था। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किया है। अस्पतालों का उन्नयन, मुफ्त दवा योजना, जांच सुविधाओं का विस्तार और डॉक्टरों की नियुक्ति जैसे कई ठोस कदम उठाए गए हैं। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और ब्लड बैंक व्यवस्था को लेकर भी सरकार गंभीर और संवेदनशील है।

### डीजीपी तदाशा मिश्र ने की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

# ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर हाई अलर्ट

**संवाददाता**

**रांची :** ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए राज्य पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्र की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों में विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और सुरक्षा तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, प्रक्षेत्रीय आईजी, डीआईजी तथा सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

समीक्षा के दौरान जिलावार सांप्रदायिक मामलों, लंबित वारंटों, कुर्की-जब्ती, और निरोधात्मक कार्रवाई की स्थिति पर चर्चा की गई। साथ ही जुलूस मार्गों के भौतिक सत्यापन, धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा, सीसीटीवी स्थापना, ड्रोन से निगरानी, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, संयुक्त नियंत्रण कक्ष और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्देश दिए गए।

डीजीपी तदाशा मिश्र ने सभी जिलों को असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी संभावित उपद्रव को रोकने के लिए अग्रिम कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने खासतौर पर उन जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा, जहां पहले सांप्रदायिक घटनाएं हो चुकी हैं।

इसके अलावा सोशल मीडिया पर अफवाहों पर निगरानी रखने, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने, वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान विशेष सुरक्षा व्यवस्था, हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान और वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सुरक्षा बलों के लिए भोजन, पानी और आवास की समुचित व्यवस्था करने के साथ ही अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर भी जोर दिया। डीजीपी ने सभी प्रक्षेत्रीय आईजी और डीआईजी को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया, ताकि राज्य में सभी त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें।

झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।
अति अल्पकालिन निविदा सूचना –75 / 2025–26

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व राँची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 28.3.2026 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिमतिथि एवं समय : 30.3.2026 अपराह्न 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 30.3.2026 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Connection of water supply & changing of sanitary fittings for old watch tower near Gate no. 1, 2 , 3, & near Stp plant by laying of pvc pipe and renovation of over head water tower with painting and plastering. installation of 5000 litres water storage tank Advocate block and all allied works in the campus of new high court Dhurwa under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1602664.00 | 32100.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 2 | Construction of mountain fountain and arrangement of water supply inlet and outlet with provision of new fountain nozzle motor , Horizontal pump , Constuction of drain, sewrage line, Provision of 1000 Litre HDPE water tank and all allied works at staff quarter no. 4, Near JAL BHAWAN, Doranda, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 877756.00 | 17600.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 3 | Repairing or replacement of sewage pipe and replacement of bathroom & toilet fittings & seepage preventation at diffent officers flat behind Nepal house & other High court pool quarters Ranchi under D.W. & S. ,Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1200121.00 | 24100.00 | 2500.00 | 07 Days |
| 4 | Provision of water supply by construction of 1Nos. HYDT with Installation of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor and necessary water supply pipe line & & Its allied works pipe line, valve chamber etc at Jharkhand new vidhan sabha campus, Kute Dhurwa for gardening Ranchi D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 9,06,014.00 | 18200.00 | 1250.00 | 07 Days |
| 5 | Construction of drainge system with RCC cover, man hole chamber and provision and replacement of sewerage pipes of Quarters of High court pool , behind Indira palace, Hinoo Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1081725.00 | 21700.00 | 2500.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
PR 375354 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० राँची पूर्व राँची ।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## अनिद्रा की महामारी

भारतीय जन-जीवन में तेजी से घर करती डिजिटल जीवन शैली ने युवाओं की नींद को बुरी तरह प्रभावित किया है। जिसके चलते उनमें आक्रामकता, अवसाद व आत्महत्या की प्रवृत्ति विकसित हो रही है। देश-दुनिया में समय-समय पर आने वाले विभिन्न सर्वेक्षण इस संकट की ओर इशारा कर रहे हैं। लेकिन देश में किशोरों का स्क्रीन टाइम घातक ढंग से बढ़ रहा है। आमतौर पर चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि किशोरों की सेहत के लिये आठ घंटे की नींद जरूरी होती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ आठ घंटे के बजाय सात-छह घंटे की नींद को भी पर्याप्त मानते हैं, बशर्ते उसमें बीच में किसी तरह का व्यवधान न हो। लेकिन बिना किसी जरूरी काम के कथित सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना आज के दौर में फैशन सा बन गया है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों में हुए हालिया शोध बताते हैं कि रात में जल्दी सोने व सुबह जल्दी उठने से बेहतर स्वास्थ्य बनता है। यह भारतीय जीवन दर्शन की अपरिहार्य धारणा भी रही है। लेकिन देश में पहले टीवी और अब मोबाइल फोन के अनियंत्रित उपयोग ने युवाओं की रात की नींद उड़ा दी है। जिसके चलते युवा पूरे दिन उखड़े-उखड़े और अशांत रहते हैं। उनमें आक्रामकता बढ़ रही है। फिर वे अवसाद के शिकार हो जाते हैं। बाधित नींद की इस स्थिति में कालांतर मन में आत्महत्या जैसे नकारात्मक भाव उमड़ने लगते हैं। एक सर्वे बताता है कि देश में 73 फीसदी दसवीं के छात्र आठ घंटे से कम की नींद सोते हैं। कलकत्ता स्लीप सोसाइटी के विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनिया में 60 से 70 फीसदी किशोर पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं। दरअसल, आज छात्रों पर अभिभावकों व शिक्षकों का अनुशासन कम ही चलता है। मां-बाप के टोकने पर वे दलील देते हैं कि ऑन लाइन पढ़ाई चल रही है। कोरोना संकट ने देश-दुनिया में ऑनलाइन पढ़ाई का विकल्प तो दिया, लेकिन तमाम तरह की विसंगतियां व विकृतियां भी किशोरों के जीवन में भर दी हैं। एक चौंकाने वाला आंकड़ा बताता है कि देश में सत्तर करोड़ भारतीय छह घंटे की नींद नहीं ले पाते। वहीं 46 प्रतिशत भारतीय छह घंटे से कम की नींद ले पाते हैं। लेकिन सबसे बड़ा संकट युवाओं व किशोरों से जुड़ा है। वे देर रात तक ऑनलाइन गेमों से जुड़े रहते हैं। रात में जाने-अनजाने दोस्त उनके सहभागी बनते हैं। जो कालांतर एक नशे की लत का रूप ले लेता है। परिजनों की रोक-टोक उन्हें रास नहीं आती। कई घटनाओं में उनके आक्रामक व्यवहार के घातक परिणाम सामने आए हैं। यहां तक कि नजदीकी परिजनों की हत्या की घटनाएं भी हुई हैं। दरअसल, ऑनलाइन खेलों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे किशोरों के लिये नशा बन जाते हैं। रात का एकांत उन्हें रास आता है। जिसके चलते वे नींद की परवाह नहीं करते। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया व ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर तमाम वर्जित व अश्लील सामग्री की रात्रि में भरमार रहती है। जिसकी चपेट में छोटे-बड़े लोग आ रहे हैं। युवा देर रात का एकांत तलाशते हैं ताकि परिजनों की अनुपस्थिति में वे मनमानी कर सकें। वे देर रात तक ऑनलाइन रहने में अपनी शान समझते हैं। यह भूल जाते हैं कि वास्तव में, वे अपनी सेहत से किस हद तक खिलवाड़ कर रहे हैं। चिकित्सा विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे हैं अनिद्रा से उच्च रक्तचाप की समस्या पैदा हो रही है। जो कालांतर हाइपरटेंशन में बदल जाती है। दरअसल, शरीर की जैविक घड़ी के परिचालन में व्यवधान से शरीर नकारात्मक प्रतिक्रिया देता है। देर रात जागने और मोबाइल के नशे में किशोर असमय खाते-पीते हैं, जिससे उनमें मोटापे की समस्या भी घर कर रही है। यही वजह है कि अब किशोरों तक में डाइबिटीज की समस्या देखने में आ रही है। दरअसल, कुदरती सोने के समय का विकल्प देर रात या सुबह की नींद नहीं हो सकती है। यह संकट बड़ा है और अभिभावकों व शिक्षकों को किशोरों की देर रात जागने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये गंभीर प्रयास करने होंगे। अन्यथा देश को कालांतर अस्वस्थ युवा पीढ़ी का संत्रास झेलने को बाध्य होना पड़ेगा।

## मृत्यु में गरिमा

किसी भी समाज में यह प्रबल धारणा रही है कि परिवार के किसी सदस्य की तब तक सेवा की जाए, जब तक उसके प्राण कुदरती तौर पर न निकल जाएं। खासकर भारतीय समाज में इस मुद्दे को लेकर गहरी संवेदनशीलता रही है। कई स्थानों पर तो अपने आत्मीय की मृत्यु के बाद भी उसे वर्षों तक जीवन लौटने की आस में घर पर रखा गया। लेकिन जब कोई अपना प्रिय उस स्थिति में पहुंच जाए, जहां से सामान्य जीवन में लौट पाना संभव ही न हो, तो बदलते वक्त के साथ कानून के दायरे में उसकी मुक्ति की भी बात होने लगी है। हाल ही में देश के सुप्रीम कोर्ट का 13 वर्ष से कोमा में रहने वाले एक युवा के लिये निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने का निर्णय, जीवन के अंतिम चरण की देखभाल पर भारत में विकसित होते न्यायशास्त्र में नया मोड़ है। किसी असाध्य स्थिति में कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की अनुमति देने वाला यह फैसला, अदालत द्वारा पहले से निर्धारित प्रक्रिया का पहला व्यावहारिक प्रयोग है। निस्संदेह,यह मामला उन रोगियों के परिवारों के सामने उपस्थित पीड़ादायक दुविधा को ही उजागर करता है, जिनके ठीक होने की कोई वास्तविक संभावना नहीं होती। जो महज चिकित्सकीय मदद से ही जीवित रहते हैं। इस मामले में चिकित्सा बोर्डों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि निरंतर उपचार का कोई चिकित्सीय उद्देश्य नहीं था। इससे केवल जैविक अस्तित्व को ही लंबा खींच दिया गया। बहरहाल, इस बाबत अदालत की स्वीकृति एक कठिन सत्य को स्वीकार करती है कि जीवन की गरिमा, मृत्यु में भी गरिमा तक विस्तारित होनी चाहिए। निस्संदेह, भारत में इच्छामृत्यु पर कानूनी प्रगति धीमी रही है। इस मामले में पहली बार अरुणा शानबाग मामले में ध्यान दिया गया था। वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार के अंतर्गत गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार देने के साथ यह मुद्दा अपने चरम पर पहुंचा। दरअसल, इच्छामृत्यु से जुड़ी दुविधा, इससे जुड़े सिद्धांतों के क्रियान्वयन की अनिश्चितता को लेकर बनी रही है। जिसके चलते परिवारों व डॉक्टरों को जटिल प्रकिया व कानूनी चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। निस्संदेह, हालिया फैसले से भी न्यायिक दिशा-निदेशों मात्र पर निर्भर रहने की सीमाएं उजागर हुई हैं। बल्कि यहां तक कि देश की शीर्ष अदालत ने भी निष्क्रिय इच्छामृत्यु, लिविंग विल और जीवन को लेकर अंतिम निर्णय को नियंत्रित करने वाले व्यापक कानून की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। निस्संदेह, ऐसे कानून में नैतिक संवेदनशीलता और प्रक्रियात्मक स्पष्टता के बीच बेहद संतुलन होना चाहिए। यह प्रक्रिया कमजोर रोगियों को दुर्व्यवहार से बचाते हुए, यह भी सुनिश्चित करे कि परिवार और चिकित्सा पेशेवर कानूनी परिणामों के भय के बिना कार्य कर सकें। इस मामले में स्पष्ट प्रोटोकॉल, पारदर्शी चिकित्सा मूल्यांकन और रोगी की स्वायत्तता का सम्मान आवश्यक है। अंतत, निष्कर्ष यह भी है कि जब उपचार असंभव हो तो चिकित्सा उपायों से रोगी की पीड़ा को लंबा नहीं खींचा जाना चाहिए। निस्संदेह, शीर्ष अदालत की कारगर सलाह के मद्देनजर देश के नीति-नियंताओं को एक मानवीय कानूनी ढांचा तैयार करने के बारे में गंभीरता से सोचना चहिए। जो टाली न जा सकने वाली विषम स्थिति में व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने व मरने की अनुमति दे सके। निस्संदेह, देश में इस बाबत एक संवेदनशील कानून बनाने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। साथ ही ऐसा कानून बनाते वक्त मानवीय संवेदनशीलता तथा कानूनी सुरक्षा कवच के बीच संतुलन बनाना भी उतना ही जरूरी होगा। वहीं हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा संकीर्ण लक्ष्यों को पूरा करने के लिये किसी व्यक्ति की दबाव में इच्छामृत्यु के लिये परिस्थितियां पैदा न की जा सकें। दुनिया के तमाम विकसित देशों में इस आशंका के चलते ही इच्छामुत्यु को कानूनी रूप देने से परहेज किया गया है।

# डिजिटल अलगाव नहीं अब परिवेश से जुड़ाव की ओर जूमर्स

> आभासी दुनिया के साथ इस पीढ़ी में जो तेजी से बदलाव देखा जा रहा है वह अब अलगाव की जगह सहभागिता की ओर बढ़ रहा है। एंड्रायड फोन की दुनिया से बाहर निकल कर अब सामाजिक मेल-मिलाप और अकेलेपन के स्थान पर सामाजिकता की ओर रुझान दिखाई देने लगा है। कहीं यह भी संकेत मिलने लगा है कि जूमर्स संस्कृति और आधुनिकता के बीच तारतम्य बिठाने की दिशा में बढ़ने लगे हैं।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

जूमर्स का इतनी जल्दी आभासी दुनिया से मोहभंग होगा, यह समझ से परे है पर टचिंग ग्रास की हालिया रिपोर्ट से यही सामने आ रहा है। दरअसल, साल 1997 से 2012 तक की अवधि में आई पीढ़ी को जेन जेड या जूमर्स पीढ़ी के रुप में जाना जाता है। यह पीढ़ी इंटरनेट और स्मार्टफोन के साथ पली-बढ़ी पीढ़ी है। डिजिटल सेवी होने से आभासी दुनिया में इस पीढ़ी का अलग ही अनुभव रहा है। पर बहुत कम समय में आभासी दुनिया से इस पीढ़ी का तेजी से मोहभंग हो रहा है। सोशियो-साइको भाषा में कहा जाए तो जूमर्स एनालॉग पुनर्जागरण के दौर में आ गए हैं।

आभासी दुनिया के साथ इस पीढ़ी में जो तेजी से बदलाव देखा जा रहा है वह अब अलगाव की जगह सहभागिता की ओर बढ़ रहा है। एंड्रायड फोन की दुनिया से बाहर निकल कर अब सामाजिक मेल-मिलाप और अकेलेपन के स्थान पर सामाजिकता की ओर रुझान दिखाई देने लगा है। कहीं यह भी संकेत मिलने लगा है कि जूमर्स संस्कृति और आधुनिकता के बीच तारतम्य बिठाने की दिशा में बढ़ने लगे हैं। इस पीढ़ी द्वारा अब आभासी अनुभवों के स्थान पर धरातलीय अनुभवों को अधिक महत्व दिया जाने लगा है। यही कारण है कि जूमर्स में अब पुरातन को नकार और तथाकथित आधुनिकता को स्वीकार के स्थान पर दोनों में सामंजस्य खोजने की नई सोच विकसित होने लगी है। अब डिजीटल अलगाव के स्थान पर जूमर्स मानवीय संवेदना, जमीनी हालातों के साथ बेबाक होने लगे हैं। यह नई तरह की सामाजिक सामंजस्यता है जिसे सकारात्मक बदलाव के रुप में देखा जाना चाहिए।

जोमैटो के डिस्ट्रिक्ट प्लेटफार्म पर टचिंग ग्रास की हालिया रिपोर्ट में जेन जेड की जीवन शैली और सोच में बदलाव के यह संकेत उभर कर आये हैं। रिपोर्ट के अनुसार जूमर्स की प्राथमिकताओं में तेजी से बदलाव आया है। अब सप्ताहांत ही नहीं बीच में भी घर से बाहर डिनर लेने, आपसी मेल-मिलाप, दो लोगों के साथ समय बिताने, अपने परिवेश से जुड़ने, डिजिटल दुनिया से बाहर आने की सोच बनती जा रही है। यह डिजिटल दुनिया के दौर में सामाजिकता के लिए सकारात्मक बदलाव माना जा सकता है। यह सब तब है जब सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अधिक समय देने के बावजूद जिस तरह की रील्स देखने को मिल रही है वह बदलाव का स्पष्ट संकेत है। पिछले दिनों बैंक बड़ौदा में खाता खुलवाया लोकप्रिय हुआ या युवाओं द्वारा समूह में सुंदरकांड-हनुमान चालीसा पाठ या भजन गायकी जेन जेड की बदलती मानसिकता की परिचायक है। पिछले दिनों युवाओं में भजन क्लबिंग का दौर देखा जा रहा है। यह बदलाव इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि इंटरनेट-सोशल मीडिया की दुनिया में जूमर्स अब सामाजिकता खोजने लगे हैं। यह सही है कि इंटरनेट की आभासी दुनिया के स्थान पर अपनी सामाजिक गतिविधियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पदर्शित करने लगे हैं। यह भले रील्स के माध्यम से ही क्यों ना हो। इसका ताजातरीन उदाहरण सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चंग बजाते, फागुनी गीत गाते युवाओं की टीमों को देखा जा सकता है। इसी तरह सोशल मीडिया पर लोकगीतों और लोक परंपराओं की पालन करती महिलाओं को देखना आम होता जा रहा है। यह सोच के बदलाव का ही परिणाम है। अन्यथा हालात ऐसे होते जा रहे हैं कि एक कमरे में बैठे परिवार के सभी सदस्य चाहे बड़े-बुजुर्ग हों या बच्चे, सभी स्क्रीन की दुनिया में खोए हुए देखे जाते हैं। बदलाव का यह दौर अब सोशल मीडिया पर तो सक्रिय है पर यह सक्रियता सामाजिकता को दशार्ती मूल्यात्मक सक्रियता है।

टचिंग ग्रास रिपोर्ट में खासतौर से 11 रुझान देखे गए हैं। इनमें कोलोजन इकोनोमी, एल्गोडिट्च, या एल्गोरिदम, साइडक्वेस्टकोर, मिथ मेकिंग आदि है। जेन जेड युवा की समझ में अब प्रतिस्पर्धा का कोई महत्व ना होकर कोलोजन इकोनोमी यानी एक ही काम करने वाले प्रतिस्पर्धा के स्थान पर परस्पर सांठगांठ या समन्वय से कारोबार को बढ़ाने पर ध्यान देने लगे हैं। सटीक परिणाम पर विश्वास रखने लगे हैं तो स्टेप वाइज आगे बढ़ने की रणनीति अपनाने लगे हैं। पंरपरागत सांस्कृतिक परंपराओं का आधुनिक नाइट लाइफ से सामंजस्य बिठाया जाने लगा है। सोच में बदलाव यहां तक देखा जा सकता है कि अब अकेला होना आत्मविश्वास का परिचायक माना जाने लगा है। जूमर्स आज कलम ढूंढने लगे हैं तो कम्प्यूटर पर अंगुलियां चलाने के साथ लिखने का भी महत्व समझने लगे हैं। आज भले डिजिटल मीडिया कितनी ही तेजी से बढ़ रहा हो पर प्रिन्ट मीडिया की विश्वसनीयता बढ़ी है और टीवी चौनलों की चकाचौंध से आज का युवा दूर हो रहा है। अखबारों की वापसी के संकेत मिल रहे हैं तो जूमर्स की पढ़ने-पढ़ाने की रुचि भी बढ़ने लगी है। पुस्तक मेलों में पाठकों की वापसी होने लगी है। यह कोई कहने की बात नहीं हैं अपितु सामने दिख रही है। सामाजिक विरुपता को जूमर्स समझने लगे हैं और अब उनका प्रयास सामाजिक परिवेश से जुड़ने का होने लगा है। यह बदलाव का साफ संकेत हैं। टचिंग ग्रास की रिपोट्र्स से सकारात्मक बदलाव का संकेत सामने आने लगा है और इससे यह लगने लगा है कि तकनीक और व्यावहारिक जगत एक-दूसरे के विरोधी ना होकर एक-दूसरे के पूरक हैं और तकनीक के साथ-साथ सामाजिक जुड़ाव शुभ संकेत माना जाना चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आनंद का आनंद इसी संसार में

> वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। लोकमंगल का उद्देश्य है और विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। इन सबका सार हिन्दुत्व है। कोई अंधविश्वास नहीं। कोई जबरदस्ती नहीं। असहमत के प्रति भी आदर भाव है। हिन्दुत्व में प्रेय श्रेय साथ-साथ हैं। विज्ञान और लोक मंगल भी परस्पर प्रीति में हैं। डॉ. राधाकृष्णन ने कहा है वैज्ञानिक हमें ऐसे विभिन्न ढंग बताते हैं

**हृदयनारायण दीक्षित**

वैज्ञानिक खोजों ने मानव संहार के अनेक उपकरण बनाए हैं। मध्य पूर्व में युद्ध जारी है। मानवता बारूद के ढेर पर है। विज्ञान निर्मम है। उसका लोकमंगल से कोई लेना-देना नहीं है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिन्दू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु, पक्षी, कीट-पतिंग भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है। लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है।

वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। लोकमंगल का उद्देश्य है और विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। इन सबका सार हिन्दुत्व है। कोई अंधविश्वास नहीं। कोई जबरदस्ती नहीं। असहमत के प्रति भी आदर भाव है। हिन्दुत्व में प्रेय श्रेय साथ-साथ हैं। विज्ञान और लोक मंगल भी परस्पर प्रीति में हैं।डॉ. राधाकृष्णन ने कहा है ह्ववैज्ञानिक हमें ऐसे विभिन्न ढंग बताते हैं जिनसे पृथ्वी नष्ट हो सकती है। यह कभी सुदूर भविष्य में चन्द्रमा के बहुत निकट आ पहुंचने से या सूर्य के ठंडा पड़ जाने से नष्ट हो सकती है। कोई पुच्छल तारा पृथ्वी से टकरा सकता है। धरती से ही कोई जहरीली गैस निकल सकती है। परन्तु यह सब बहुत दूर की सम्भावनाएं हैं; जबकि अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव-जाति स्वयं जान-बूझकर किए गए कार्यों से और अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण, जो मानव-स्वभाव में मजबूती से जमे हुए हैं, नष्ट हो सकती है। यह बड़ी करुणाजनक बात है कि ऐसे संसार में जो हम सबके आनंद लेने के लिए है और जो हम यदि आजकल युद्ध यन्त्रजात को पूर्णता तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊजाओं के केवल थोड़े-से हिस्से का ही इसके लिए उपयोग करें तो इसे आनंदमय बनाया जा सकता है। हिन्दुत्व भारत की प्रकृति है और संस्कृति भी। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। इस जीवन शैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है। लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दुत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, मुलायम (साफ्ट) हिन्दुत्व, साम्प्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। अंग्रेजी भाषान्तर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार ह्यवादह्य होता है। वाद का प्रतिवाद भी एक विचार होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद- सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है। हिन्दू होना हिन्दुता या हिन्दुत्व है।

कुछ विद्वान हिन्दू को मुसलमानों द्वारा दिया गया शब्द मानते रहे हैं लेकिन यह सही नहीं है। हिन्दू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख ह्यअवेस्ताह्य में है और अवेस्ता इस्लाम से सैकड़ों वर्ष पुराना है। डेरियस (522-486 ई०पू०) के शिलालेख में भी हिन्दू शब्द का उल्लेख है। हिन्दू शब्द विशेष संस्कृति वाले जनसमूह का घोतक है।

डॉ. राधाकृष्णन ने वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय व कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में हिन्दू तत्व पर 1942 में भाषण दिए थे। उन्होंने ह्यधार्मिक आदर्शो की दृष्टि से समाज के पुनर्गठनह्य पर कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में कहा कि ह्यह्यभारतीय जीवन और विचार के किसी पहलू पर तुलनात्मक दृष्टि से विवेचन एक विस्तृत विषय है।

जीवन मूल्यों से समाज के आदर्श व सांस्कृतिक व्यवहार प्रभावित होते हैं और सभ्यता की उम्र भी। भारतीय राष्ट्रजीवन की सांस्कृतिक निरंतरता स्वयं सिद्ध है। और प्राचीनता का मूल कारण विचारणीय है। डॉ. राधाकृष्णन ने औरंगजेब द्वारा अपने अध्यापक मुल्ला साहब को लिखे पत्र का सुंदर उदाहरण दिया है ह्यह्यतुमने मेरे पिता शाहजहां से कहा था कि तुम मुझे दर्शन पढ़ाओगे। यह ठीक है, मुझे भली-भांति याद है कि तुमने अनेक वर्षो तक मुझे वस्तुओं के सम्बन्ध में ऐसे अनेक अव्यक्त प्रश्न समझाए, जिनसे मन को कोई संतोष नहीं होता और जिनका मानव समाज के लिए कोई उपयोग नहीं है। ऐसी थोथी धारणाएं और खाली कल्पनाएं, जिनकी केवल यह विशेषता थी कि उन्हें समझ पाना बहुत कठिन था और भूल पाना बहुत सरल था। क्या तुमने कभी मुझे यह सिखाने की चेष्टा की कि शहर पर घेरा कैसे डाला जाता है या सेना को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है?ह्यह्य औरंगजेब के जीवन का आदर्श युद्ध है। युद्ध मानवीय मूल्य रहित हिंसा है।डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार ह्यह्यतत्कालीन विश्व का संकट यही है कि वह सैनिक व्यवस्था के विषय में सबकुछ जानता है और जीवन मूल्यों के दर्शन व धर्म के केन्द्रीभूत प्रश्नों के सम्बन्ध में बहुत कम जानता है। भारतीय संस्कृति में मनुष्य की महिमा है। आनंदमय जीवन की अभिलाषा है। इस अभिलाषा को पूरा करने की आचार संहिता है। यह संहिता हिन्दू धर्म है। इस आचार संहिता में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। गांधीजी अहिंसा को उत्कृष्ट जीवन मूल्य बताते थे। इस आदर्श का प्रेरणा केन्द्र हिन्दुत्व है। संप्रति दुनिया में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आंधी है। भारत में यह सेकुलरवाद के रास्ते हिन्दू धर्म को भी कालवाह्य घोषित करने पर आमादा है। अन्य पंथ रिलीजन अपनी कट्टरता के चलते वैज्ञानिक दृष्टिकोण को श्रेष्ठ नहीं मानते। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनुचित नहीं है। वैज्ञानिकों ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उघाड़ने का काम किया है। अंधविश्वासी मतों, पंथों को भी चुनौती मिली है।

विज्ञान सत्य की खोज करता है। समाज ऐसी खोजों का उपयोग करता है। समाज इनका दुरूपयोग भी करता है। विश्व में पंथिक मजहबी मान्यताओं को लेकर तमाम युद्ध हुए हैं। हिन्दू दर्शन भी सत्य का शोध करता है। दर्शन का उद्देश्य केवल सत्य का निर्वचन करना ही नहीं है। इसका ध्येय मनुष्य का दुख दूर करना है। हिन्दू धर्म का उद्देश्य दुख का निवारण और आनंद की प्राप्ति है।

समाज में आनंद का आपूरण विज्ञान का लक्ष्य नहीं है। विज्ञान के गले में लोकमंगल की घंटी डालने की आवश्यकता है। यह कार्य हिन्दुत्व के रास्ते अधिक संभव है। हिन्दुत्व लोकमंगल का पर्याय है।

भारत का जीवन ध्येय आनंद है। केवल वैयक्तिक आनंद नहीं; सामाजिक सामूहिक आनंद भी। विवेकानंद ने कहा है, ह्यह्यसभी देशों के निचले स्तर के मनुष्य इन्द्रियों के आनंद में उत्साह दिखाते हैं। किन्तु जो सच्चे अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत हैं, उनके आनंद का आधार विचार और कला होती है। दर्शन और विज्ञान होता है।ह्यह्य सुख और आनंद के अनेक मानसिक व बौद्धिक तल होते हैं। इन्द्रिय भोग का सुख निम्न तल है। ज्ञान का सुख आनंद उच्च तल पर है। कला का आनंद गहरा है लेकिन अनुभूति दर्शन का आनंद बहुत गहरा है।

उपनिषद् दर्शन में आनंद की गहन अनुभूति है। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है। शुरूआत में कहते हैं, ह्यह्यसैषा आनंदस्य मीमांसा भवति-अब उस आनंद की मीमांसा करते हैं।ह्यह्य बताते हैं, ह्यह्यमनुष्य युवा हो, श्रेष्ठ आचरण वाला हो। अध्ययनशील हो। संपूर्ण अंग बल युक्त हो। स्वस्थ हो। धन सम्पदा से युक्त हो तो इस लोक में आनंद है।ह्यह्य यहां आनंद के सभी उपकरण प्रत्यक्ष हैं। भौतिक हैं। संसारी हैं। कोई अंध आस्था नहीं। भाववाद नहीं। आनंद की प्राप्ति का स्थान भी यही लोक है। आनंद का आनंद इसी संसार में है।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# देवी दुर्गा की पूजा और आत्मशुद्धि का महापर्व

भारत के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में चैत्र नवरात्रि का विशेष तौर पर महत्व है। यह केवल एक पर्व नहीं बल्कि आध्यात्मिक नवजागरण, शक्ति उपासना और जीवन के नए संकल्पों के प्रारंभ का प्रतीक है। हिंदू पंचांग के अनुसार नवरात्रि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक मनाई जाती है। ये हिंदू नववर्ष की शुरूआत भी होती है। इसलिए इसे नए समय और नई ऊर्जा का आरंभ माना जाता है।



धार्मिक दृष्टि से चैत्र नवरात्रि आदि शक्ति मां दुर्गा की उपासना का उत्तम अवसर है। इन नौ दिनों में देवी मां के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इन दिनों देवी शक्तियां पृथ्वी पर विशेष रूप से सक्रिय रहती हैं और भक्तों की साधना का शीघ्र फल देती हैं। इसलिए देशभर के मंदिरों, घरों, तीर्थस्थलों आदि में भक्ति का विशेष वातावरण दिखाई पड़ता है। चैत्र नवरात्रि का मूल भाव शक्ति की उपासना है। हिंदू धर्म में शक्ति को सृष्टि की मूल ऊर्जा माना गया है और देवी दुर्गा उसी शक्ति का प्रतीक हैं।

### पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, जब महिषासुर नामक असुर ने देवताओं को पराजित करके उन्हें अत्यंत आतंकित कर रखा था, तब देवताओं की गुहार पर संयुक्त शक्तियों से दिव्यशक्ति मां दुर्गा का प्राकट्य हुआ। देवी मां ने नौ दिनों तक महिषासुर से युद्ध किया और दसवें दिन उसका वध किया। इसलिए मां दुर्गा द्वारा लड़े गए नौ दिनों के युद्ध को नवरात्रि कहते हैं।

इन दिनों देवी मां के जिन अलग-अलग रूपों की पूजा होती है, उनमें हैं झ शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री।

### धार्मिक साधना और उपवास

नवरात्रि के नौ दिनों में हर दिन का अपना अलग आध्यात्मिक अर्थ और साधना विधि होती है। भक्त उपवास रखते हैं, देवी मां के मंत्रों का जाप करते हैं और अपने जीवन को मां देवी की शक्ति और साहस से समृद्ध करते हैं।

### नवसृजन और नव वर्ष

चैत्र नवरात्रि केवल धार्मिक साधना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नवसृजन और नव आरंभ का प्रतीक भी है। भारतीय परंपरा में माना जाता है कि ब्रह्माजी ने इस दिन सृष्टि की रचना आरंभ की थी। इसलिए नवरात्रि के पहले दिन को सृष्टि के जन्म का प्रतीक भी माना जाता है। यही कारण है कि देश के कई हिस्सों में इस दिन से नववर्ष की शुरूआत मानी जाती है। उत्तर भारत में इसे हिंदू नव संवत्सर के रूप में मनाया जाता है। महाराष्ट्र में इस दिन को गुड़ी पड़वा कहते हैं, जबकि दक्षिण भारत में खासकर आंध्र प्रदेश में इसे उगादी कहते हैं। इस प्रकार, चैत्र नवरात्रि सिर्फ धार्मिक पर्व नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति चक्र की शुरूआत का प्रतीक है।

### स्वास्थ्य और ऋतु परिवर्तन

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि शरीर और मन की शुद्धता का भी पर्व है। इन दिनों लोग उपवास रखते हैं, जिसका उद्देश्य केवल भोजन त्यागना नहीं बल्कि इंद्रियों पर नियंत्रण और आत्मसंयम भी होता है।

## टिप्स

### मस्तिष्क की सेहत को संवारें सक्रिय जीवनशैली से

आमतौर पर अच्छे खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी तक, सब कुछ शरीर की अच्छी सेहत से जोड़कर देखा जाता है। नींद और आराम को भी शरीर की थकान उतारने का ही जरिया माना जाता है। जबकि जीवनशैली से जुड़ी यही बातें हमारी दिमागी सेहत को भी गहराई से प्रभावित करती हैं। असल दिमाग केवल इमोशन्स और विचारों का केंद्र भर नहीं है। शरीर के इस अंग को भी लगातार सक्रिय रखने के प्रयास आवश्यक हैं। नया सीखने की चुनौतियां जरूरी हैं। आमतौर पर एक उम्र के बाद इंसान कुछ नया सीखने-जानने से दूर होने लगता है। स्मार्ट गैजेट्स के कारण अब कुछ याद रखने की भी जरूरत ही नहीं रही। इन हालात में दिमाग की कार्यक्षमता भी घटने लगी है। साथ ही असंतुलित आहार हो या प्रकृति से दूरी, आराम करने में की गई कोताही हो या नकारात्मक विचारों का घेरा- जीवनशैली से जुड़ी बहुत सी बातें भी मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव डाल रही हैं। ऐसे में मेंटल हेल्थ सहेजने से जुड़ी कुछ बातों का ध्यान रखने से दुरुस्त रहेगी दिमाग की सेहत। फिजिकल एक्टिविटी केवल शरीर का मोटापा काबू में रखने में ही नहीं, ब्रेन फॉग से बचाने में भी मददगार बनती है। व्यायाम चाहे किसी भी रूप में किया जाए शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी पॉजिटिव प्रभाव डालता है। एडवेंट हेल्थ रिसर्च इंस्टीट्यूट के शोधकताओं के मुताबिक नियमित एरोबिक व्यायाम से मस्तिष्क जैविक रूप से युवा रह सकता है। स्पष्ट सोच, अच्छी मेमोरी और समग्र मानसिक स्वास्थ्य पर भी व्यायाम का सकारात्मक असर पड़ता है। नियमित शारीरिक एक्टिविटीज करना अवसाद और चिंता से बचाने वाली जीवनशैली से जोड़ता है। शारीरिक व्यायाम की मनोदशा सुधारने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। शारीरिक सक्रियता से शरीर को एंडोर्फिन हार्मोन मिलता है। यह हार्मोन शरीर का प्राकृतिक मूड लिफ्टर है। यही वजह है कि शारीरिक रूप से सक्रिय रहना ओवरथिंकिंग और नेगेटिविटी वाले विचारों से भी दूर रखता है। ये दोनों ही बातें दिमागी सेहत की बेहतरी से भी जुड़ी हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# आवेदनों का भौतिक जांच कर समाधान जल्द से जल्द करें : उपायुक्त



संवाददाता

**साहिबगंज** :अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने जिले के शहरी ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी व आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायत कताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## बच्चों की बुनियादी समझ को मजबूत करें : हेमंत सती



**साहिबगंज** :समहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शिक्षा योजनाओं और कार्यों की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए शिक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।बैठक में उपायुक्त ने आपार एंट्री स्टेटस, शिक्षकों की उपस्थिति, छात्र–छात्राओं की उपस्थिति सहित विद्यालय प्रबंधन समिति की राशि के समुचित उपयोग पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बच्चों को पिछली तीन वर्षों के पाठ्यवस्तु का दोहराव कराते हुए उनकी बुनियादी समझ को मजबूत किया जाए ताकि शिक्षा में आई रुकावट को दूर किया जा सके।इसके अलावा विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, मिड–डे मील की गुणवत्ता, पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, छात्रवृत्ति भुगतान आदि बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं का लाभ छात्रों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुँचना चाहिए और इसके लिए समय–समय पर निगरानी आवश्यक है। जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी उर्मिला हांसदा समेत बीईओ, बीपीओ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे अपने–अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति की निगरानी करें और किसी भी तरह की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## पंचायत समिति की बैठक में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा



संवाददाता

**साहिबगंज/उधवाः** प्रखंड सभागार कक्ष में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख स्टेनशिला सोरेन ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। बैठक के दौरान प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं और कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। पंचायत समिति मद में प्राप्त आबद्ध एवं अनाबद्ध राशि के तहत निर्धारित मापदंडों के अनुरूप योजना अभिलेख खोलकर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने पर सहमति बनी। सदस्यों ने विकास कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन निर्धारित समय पर नियमित रूप से संचालित किए जाएं, ताकि लाभुकों को समय पर सेवाएं मिल सकें। इसके साथ ही प्रखंड मुख्यालय में लंबे समय से बंद पड़े आधार केंद्र को पुनः चालू करने का भी निर्णय लिया गया, जिससे आम लोगों को सुविधा मिल सके। अंचल कार्यालय में बांग्ला भाषा में लिखे जमीन संबंधी दस्तावेज कबाला एवं पर्चा को समझने में आने वाली दिक्कतों को देखते हुए किसी दक्ष बांग्ला भाषी व्यक्ति की सेवा लेने पर भी सहमति बनी।

## ईद और रामनवमी को लेकर नगर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**साहिबगंज** :आगामी ईद पर्व एवं रामनवमी को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को नगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मजिस्ट्रेट प्रमोद आनंद ने किया। बैठक में पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी तथा विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सीडीपीओ किशोर तिर्की ने कहा कि ईद और रामनवमी दोनों ही महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व हैं, जिन्हें आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की आवश्यकता हैं। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि पर्व के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा पुलिस द्वारा लगातार गश्ती भी की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इसके साथ ही त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर भी प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।बैठक में मौजूद गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखते हुए प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**जल जीवन मिशन की योजनाओं को टीम बनाकर किया जाए जांच**

# योजना अधूरा रहने पर विधायक ने मंत्री से भी किया मुलाकात

संवाददाता



साहिबगंज/बरहरवाः-प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में संचालित जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य को जल्द पूरा करने को लेकर पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निसात आलम ने झारखंड विधानसभा में उठाया इसके बाद विभागीय मंत्री से भी मुलाकात कर एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच करने की मांग की विभाग की ओर से जानकारी दिया गया कि बरहरवा प्रखंड क्षेत्र में जल जीवन मिशन में कुल 12 क्लस्टर हैं जिसमें कुल 918 योजनाएं हैं इसमें अब तक 558 योजनाएं पूर्ण की गई है शेष 336 अधूरा है मामले को लेकर विधायक निसात आलम ने कहा कि विभाग की ओर से जो जानकारी दी गई है वह सही नहीं है अधिकांश योजनाएं अधूरी पड़ी हुई है इसलिए उक्त मामले को लेकर मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय टीम बनाई जाए उक्त टीम में मैं खुद मौजूद रहूंगी और मेरी उपस्थिति में पूरे मामले की जांच की जाए ताकि यह मामला पूरा स्पष्ट हो सके क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है और विभाग के कुछ कमी लापरवाही व्रत रहे संवेदक मनमानी कर रहे हैं लोगों को काफी परेशानी हो रही है विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पूरे मामले को लेकर उच्च स्तरीय कमेटी बनाने का आश्वासन देते हुए जांच की बात कही है मंत्री ने स्पष्ट कहा कि योजना में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं चलेगी जो भी संवेदक और विभागीय कर्मी गढ़वाली किए हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई भी होगी।

# उधवा में लघु सिंचाई गणना को लेकर प्रशिक्षण, कार्य में तेजी लाने का निर्देश

संवाददाता



साहिबगंज/उधवाःप्रखंड सभागार कक्ष में मंगलवार को जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर लघु सिंचाई गणना से संबंधित प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने की। प्रशिक्षण में लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता रूपेश कुमार एवं नीतीश कुमार ने मास्टर ट्रेनर के रूप में भाग लेते हुए जनसेवकों, पंचायत सचिवों एवं बीएफटी को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लघु सिंचाई गणना का उद्देश्य क्षेत्र में उपलब्ध सिंचाई संसाधनों का सटीक आंकलन कर कृषि विकास को गति देना है। इस दौरान लघु सिंचाई से संबंधित चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। बैठक में कार्यान्वयन के दौरान आ रही विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा करते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि गणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कर्मी निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण करें। बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में तेजी के साथ सर्वेक्षण कार्य पूरा करें और रिपोर्ट को समय पर जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिल सके। मौके पर पंचायत सचिव संतोष कुमार सुमन, सत्यनारायण रजवार, नुकुल कुमार, प्रेमचंद रजक, जनसेवक ओमप्रकाश साहा, सिकंदर अली, शशि कपूर दुबे, बिसंभर दास, सुनील कुमार तथा बीएफटी निरंजन मिश्रा, अब्दुल रज्जाक, अब्दुल हन्नान, जयचंद चौधरी सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## महिला नेतृत्व वाले उद्यम को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला

**साहिबगंज** :महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला उद्योग केन्द्र, साहिबगंज द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । उद्योग विभाग के अंतर्गत प्रबंध निदेशक, जिडको, रांची, झारखंड के निदेर्शानुसार विषय पर एक दिवसीय का आयोजन किया गया।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में महिला नेतृत्व वाले उद्यमों को बढ़ावा देना, महिलाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना और विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों व वित्तीय सहायता की जानकारी उपलब्ध कराना है।इस कार्यशाला में जिले के इच्छुक आमजन, विशेष रूप से महिला उद्यमी, स्वरोजगार से जुड़ी महिलाएं, स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं व उद्यम स्थापित करने की इच्छुक महिलाएं भाग लेकर उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की।बैठक महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, साहिबगंज रामाकांत चतुर्वेदी जेएसएलपीएस डीपीएम मतीन तारिक, इओडीबी मैनेजर, साहेबगंज,चन्द्रशेखर शर्मा, स्टंट चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, पत्थर व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद सिंह उपस्थित थे।

## स्टोन चिप्स लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, सड़क रोड जाम

संवाददाता



**साहिबगंजः** जिला के उधवा में चिप्स लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई।हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सड़क सुरक्षा को लेकर फिर सवाल खड़े हो रहे हैं।झारखंड के साहिबगंज जिले के राधानगर थाना क्षेत्र में सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके को स्तब्ध कर दिया। उधवा कचहरी पुल से पियारपुर बाजार जाने वाली मुख्य सड़क पर स्टोन चिप्स लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।यह हादसा सुबह करीब 7 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर संख्या जेएच 17 एडी 3732 चिप्स लादकर उधवा पुल से पियारपुर की ओर जा रहा था। उसी दौरान कटहलबाड़ी बाजार निवासी 35 वर्षीय अनसारूल मोमिन अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस संख्या जेएच 18 जे एच 2022 बाइक से उधवा चौक की ओर जा रहे थे। इसी बीच अचानक ट्रैक्टर की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई. ट्रैक्टर पलटा, युवक की गई जान टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया।हादसे में बाइक सवार अनसारूल मोमिन को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ मृतक अनसारूल मोमिन मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे तीन पुत्रियों और एक पुत्र को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

**ईद पर असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने को लेकर मुस्लिम समाज की ओर से निर्णायक पहल**

# जामिया प्रांगण में क्षेत्र के 28 गांवों के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर किया विचार-विमर्श

संवाददाता



**साहिबगंज/बरहेटः** क्षेत्र के धार्मिक शिक्षण संस्थान जामिया इस्लाहुल मोमेनीन,बरहेट के प्रांगण में क्षेत्र के 28 गांव से मुस्लिम समाज के उलेमाओं,मस्जिदों के इमाम,गांव के सरदारों,सामाजिक कार्यकताओं व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की एक अतिमहत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।बैठक का मुख्य एजेंडा आने वाले ईद के मौके पर क्षेत्र के विभिन्न समुदायों के धार्मिक स्थलों,दार्शनिक स्थलों सार्वजानिक स्थलों में समाज के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर लगाम लगाना है।जामिया के सदर मुजीबुर्रहमान द्वारा बैठक की अध्यक्षता किए जाने का प्रस्ताव सामाजिक कार्यकर्ता एजाज अंसारी ने रखा जिसका सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अली ने समर्थन किया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ईद को सादगीपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की जिम्मेदारी गांव तथा कस्बे के सभी जिम्मेदार व्यक्तियों को उठाना होगा।ईद के मौके पर कौम के नौजवान वर्गों से ऐसी कोई हरकत न हो जिससे मुस्लिम समुदाय को शर्मिंदगी का सामना करना पड़े तथा गैर समुदाय के धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचे।सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ईद के मौके पर शिवगादी बाबा धाम,भोगनाडीह सिद्धो-कान्हु पार्क या वैसे अन्य स्थलों पर मुस्लिम समाज के युवक,युवतियां या बच्चे घूमने फिरने के उद्देश्य से नहीं जाएं जहां किसी मानवीय भूल के कारण दूसरे समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने की संभावना हो। ज्ञात हो कि शिवगादी धाम इस क्षेत्र का एक प्रमुख प्राकृतिक स्थल है।ऊंची पहाड़ियों के बीच बसा यह स्थल देखने योग्य है। क्षेत्रवासियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र है।सभी धर्मों व जातियों के लोग यहां साल भर घूमने फिरने आते हैं और ईद के मौके पर मुस्लिम समाज के लोग भी यहां अधिक संख्या में घूमने फिरने आया करते हैं। लेकिन क्षेत्र अंतर्गत मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों ने हिंदू भाइयों का शिवगादी से जुड़े धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखते हुए जामिया प्रांगण में बैठक कर अपने समाज के युवक युवतियों व बच्चों को खासकर ईद के मौके पर वहां जाने से परहेज करने को नसीहत दी है ताकि अपने समाज के किसी असामाजिक तत्व के कारण मुस्लिम समाज को शर्मिंदगी का सामना न करना पड़े और समाज में अमन और शांति का माहौल कायम रहे।इसको लेकर चिन्हित स्थलों पर सामाजिक स्तर से कुछ वॉलंटियर नियुक्त किए जाएंगे जो प्रशासन के तालमेल से शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी।वहीं 28 गांवों के सभी इमाम को मस्जिद में इसको लेकर अहम बैठक बुलाकर सख्त निर्देश देने की बात कही गई।कमिटी की इस पहल से समाज में सुधार की सकारात्मक परिणाम अवश्य देखने को मिलेगा।मौके पर प्रो हाशिम अख्तर,पंसस रिजाउल रहमान,मौलाना जावेद अख्तर,मौलाना जियाउल हक फैजी,मौलाना शमीम अख्तर फैजी, मौलाना असद फैजी,मौलवी अलाउद्दीन अंसारी,मौलवी मुजीबुर्रहमान इस्लाही,महफूज अंसारी,हाकिम अंसारी समेत क्षेत्र के सभी गांवों के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## पांच नाबालिक को बरहरवा आरपीएफ ने किया रेस्क्यू,बाल संरक्षण को सौंपा



**साहिबगंज/ बरहरवाः** सुबह बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ इंस्पेक्टर बड़हरवा संजीव कुमार ने अपने अन्य अधिकारी और स्टाफ सहायक उपनिरीक्षक सुरेश पासवान, हेड कांस्टेबल मजनू सोरेन, कांस्टेबल अनिल कुमार साह एवं कांस्टेबल अजय कुमार को साथ लेकर मानव तस्करी टीओपिबी व अन्य यात्री अपराधों के विरुद्ध औचक निरीक्षण व जांच अभियान चलाया।उक्त अभियान के दौरान,प्लेटफॉर्म नंबर 01 के साहिबगंज अंत में एक यात्री शेड पर पांच नाबालिग लड़कों को संदेहास्पद अवस्था में बैठे हुए पाए।उनसे पूछताछ करने पर, उन्होंने बताया कि वे सभी थाना- लिट्टीपाड़ा जिला-पाकुड़ के रहने वाले है और उन्होंने बताया कि वे अपने माता-पिता को बिना जानकारी दिए, अपने अन्य साथियों के साथ ट्रेन संख्या 14003 युपी से बरहरवा से आरा, बिहार मजदूरी के कार्य हेतु जा रहे थे।त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त नाबालिग लड़कों को हिरासत में लेकर आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया और आगे की विधिक कार्यवाही के लिए बाल संरक्षण मंचन बरहरवा साहिबगंज को सूचित किया गया और सभी कानूनी औपचारिकताएँ पूर्ण करने के बाद,उक्त पांचों नाबालिग लड़कों को अराधना मंडल और गौतम कुमार,बाल संरक्षण मंचन बरहरवा साहिबगंज को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है।हलाँकि बरहरवा आरपीएफ मानव तस्करी एवं अवैध तस्करियों कक लेकर सघन अभियान लगातार चला रहे है।

## जेंडर रिसोर्स सेंटर का हुआ उद्घाटन



रानीश्वर : प्रखंड के पथरा संकुल में मंगलवार को जेंडर रिसोर्स सेंटर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा और प्रमुख मारशिला मरांडी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नदियानंद मंडल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रबंधक सामाजिक विकास (उ्टरऊ) सारथी कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक कृपाल कुमार झा , चेतना विकाश संस्था से दिनेश हांसदा सहित खरछढर से जुड़ी दीदियाँ एवं संकुल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात सभी पदाधिकारियों ने उपस्थित दीदियों को जेंडर समानता, महिला सशक्तिकरण एवं कानूनी जागरूकता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जेंडर रिसोर्स सेंटर महिलाओं के लिए एक सशक्त मंच साबित होगा, जहाँ उन्हें अधिकारों की जानकारी, परामर्श और सहायता उपलब्ध होगी। उन्होंने दीदियों से अपील की कि वे इस केंद्र का अधिक से अधिक उपयोग करें और अन्य महिलाओं को भी इससे जोड़ें।

थाना प्रभारी प्रतिनिधि ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही समाज का संतुलित विकास संभव है। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी समस्या की स्थिति में से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

जिला प्रबंधक सामाजिक विकास (उ्टरऊ) ने महिलाओं को जेंडर आधारित भेदभाव, घरेलू हिंसा और सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करते हुए कहा कि ाहिलाओं के लिए मार्गदर्शन और सहयोग का सुरक्षित केंद्र है।

प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक ने दीदियों को जीविका के विभिन्न कार्यक्रमों एवं आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में चारों संकुल से उउ, क्ढफ्ढ एवं चारों संकुल से मेंबर तथा सभी दीदी शामिल हुए

कार्यक्रम के अंत में दीदियों ने जेंडर समानता और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। यह जेंडर रिसोर्स सेंटर महिलाओं के लिए सहायता, परामर्श एवं मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा।

## उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की आयोजित बैठक संपन्न



दुमका : सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में मंगलवार को सभी पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अजय राज खालको की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेन्द्र यादव ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी तथा ई-समर्थ से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अजय राज खालको ने विश्वविद्यालय में ई-समर्थ के सभी मॉड्यूल को पूर्ण रूप से लागू करने का अनुरोध किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इसके क्रियान्वयन हेतु निदेशालय द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए निर्देश दिया कि इन योजनाओं की सूचना छात्रों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए। उन्होंने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष से छात्र हित, सहायता एवं उच्च शिक्षा में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से कई नई योजनाएं प्रस्तावित हैं। इस क्रम में उन्होंने सीएम फेलोशिप, ऑनलाइन पे फिसेशन पोर्टल, अप्रेंटिसशिप पोर्टल सहित उच्च शिक्षा विभाग की अन्य पहलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनके साथ आए तकनीकी विशेषज्ञों ने भी विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारियों के साथ चर्चा कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। विश्वविद्यालय के ई-समर्थ नोडल अधिकारी डॉ. बसकी नीरज ने बताया कि ई-समर्थ के कुल छह मॉड्यूल वर्तमान में लाइव हो चुके हैं तथा शेष मॉड्यूल को शीघ्र ही चालू करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेन्द्र यादव ने निदेशालय से आए अधिकारियों को आश्वस्त किया कि सरकार की सभी योजनाओं को विश्वविद्यालय स्तर पर लागू करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने इन पहलों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्यशालाएं एवं सेमिनार आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. राजीव रंजन शर्मा ने डिप्टी डायरेक्टर का विश्वविद्यालय आगमन एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी निदेशालय का ऐसा सहयोग मिलता रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन सरकार की सभी योजनाओं एवं निदेर्शों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# 'मैं रोते हुए घर लौटी'



● संभावना सेठ का दावा- सलमान खान ने चिढ़कर किया कमेंट, आंखों में आ गए थे आंसू

संभावना सेठ ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि सलमान खान ने उन्हें वजन कम करने के लिए कहा था। क्योंकि उन्होंने उनसे उनकी फिल्म में काम मांगा था। जिसपर एक्टर चिढ़ते हुए बोले थे कि वह ऐसे ही लोगों को प्रमोट नहीं करते हैं। इसके बाद वह टूट गई थीं। रो पड़ी थीं।

एक्ट्रेस और डांसर संभावना सेठ फिल्मों से दूर हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह अपने डांस वीडियोज के जरिए पारा बढ़ाती रहती हैं। उन्होंने कई रियलिटी शोज किए हैं, जिसमें से एक 'बिग बॉस सीजन 4' था, जिसके होस्ट सलमान खान थे। अब एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कैसे एक सपना उनके बुरे सपने में तब्दील हो गया था। वह जब एक्टर से मिलीं तो लगा काम मिलेगा लेकिन उनकी एक बात के कारण वह घर आकर रोने लगी थीं। संभावना सेठ ने बातचीत में बताया, 'सलमान खान ने बिग बॉस सीजन 4 के स्टेज पर मेरी परफॉर्मेंस की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि वह मुझे काम देंगे। लेकिन बाद में चीजें एक बुरे सपने में बदल गईं।' उन्होंने खुलासा किया कि एक्टर रवि किशन उन्हें सलमान खान के पास लेकर गए और उनका इंट्रोड्यूस करवाया। कहा कि ये भोजपुरी फिल्मों का बड़ा नाम थीं। अच्छी डांसर हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि भाईजान ने कहा कि उन्होंने उनकी परफॉर्मेंस देखी है और उन्हें पसंद भी आई थी। सलमान खान ने बिग बॉस सीजन 4 के स्टेज पर मेरी परफॉर्मेंस की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि वह मुझे काम देंगे। लेकिन बाद में चीजें एक बुरे सपने में बदल गईं।

### सलमान खान से संभावना ने मांगा था काम

एक्ट्रेस ने सलमान के सामने हिम्मत जुटाई और उनसे काम मांगा कि वह उन्हें फिल्म में एक मौका दें। उनके मुताबिक, उनकी गुजारिश पर अभिनेता बोले '100%', और इसके साथ ही अपना पर्सनल नंबर भी दिया। इसके बाद उन्हें ऑर्गनाइजर्स ने स्टेज पर बुलाया और बिग बॉस के दिनों की तरह ही बर्ताव करने के लिए कहा। उन्होंने वैसा ही किया लेकिन बाद में उन्हें ऐसा लगा कि सलमान खान को उनका व्यवहार शायद पसंद नहीं आया। उनके मुताबिक, सलमान खान को शायद ऐसी लड़कियां नहीं पसंद तो बहुत बिंदास होकर बोलती हैं।

### संभावना को सलमान ने वजन कम करने को कहा

संभावना ने बताया, 'जब शो खत्म हुआ तो मैं सलमान सर से मिली और वो बहुत चिढ़ गए थे।' एक्ट्रेस ने कहा कि वैसे तो वह अच्छे से बात करते हैं लेकिन उस वक्त उनका बर्ताव अलग था। जब एक्ट्रेस ने उन्हें फिल्म में मौका देने की बात याद दिलाई तो एक्टर बोले, 'मुझे नहीं पता, पहले तुमको अपना वजन कम करना होगा।

वैसे भी मैं लोगों को प्रमोट नहीं करता।' मैं रोते हुए लौटी। मैं अभी भी सलमान खान की बहुत बड़ी फैन हूं। लेकिन उस वाकये के बाद मैं टूट गई थी। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें इस बात का बुरा लगा, 'मैं रोते हुए घर लौटी थी। मैं अभी भी सलमान खान की बहुत बड़ी फैन हूं। लेकिन उस वाकये के बाद मैं टूट गई थी। मैं खुशकिस्मत थी कि मेरे माता-पिता जीवित थे और मैं एक बड़े मौके की तलाश में थी, जिससे उनको सरप्राइज दे सकूं। इसलिए वह मौका मिलना मेरे लिए बहुत जरूरी था।'



'फ्रॉड अलर्ट!'

# फेक अकाउंट को लेकर आर माधवन ने दी लोगों को चेतावनी

फैक अकाउंट को लेकर आर माधवन ने दी लोगों को चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति उनका नाम लेकर लोगों से बात कर रहा है, जबकि उसका उनसे या उनकी टीम से कोई संबंध नहीं है। माधवन ने अपने पोस्ट में लिखा, 'फ्रॉड अलर्ट... यह व्यक्ति मुझसे या मेरी टीम से किसी भी तरह से जुड़ा नहीं है। यह दावा कर रहा है कि यह मुझे रिप्रेजेंट करता है और सोशल मीडिया पर मेरी तरफ से लोगों से बात करता है। यह पूरी तरह से एक फर्जी अकाउंट है, कृपया सावधान रहें।'

### ऐसा कोई दूसरा अकाउंट नहीं है

उन्होंने आगे लिखा, 'इंस्टाग्राम या किसी भी सोशल मीडिया पर ऐसा कोई दूसरा अकाउंट नहीं है जो मुझे रिप्रेजेंट करता हो या मेरी तरफ से बात करता हो। कृपया इस बात का ध्यान रखें और सतर्क रहें।' माधवन ने यह भी बताया कि इस मामले में उस व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा रही है, ताकि उसे इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जा सके।



मलाइका अरोड़ा ने लॉन्च किया नया

# लाइफस्टाइल ब्रांड 'मेजॉय'

**अभिनेत्री** मलाइका अरोड़ा ने अब फैशन बिजनेस में भी बड़ा कदम रखा है। उन्होंने एक नया लाइफस्टाइल एक्सेसरी ब्रांड लॉन्च किया है, जिसका नाम 'मेजॉय' रखा गया है। यह ब्रांड उन्होंने एक्सीड एंटरटेनमेंट और मिंत्रा की बी2बी होलसेल कंपनी 'मिंत्रा जबोंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' (एमजेआईपीएल) के साथ मिलकर तैयार किया है। मेजॉय ब्रांड की शुरुआत एक बड़े कलेक्शन के साथ की गई है। इसके पहले कलेक्शन में 250 से ज्यादा अलग-अलग डिजाइन शामिल किए गए हैं। इस कलेक्शन में खास तौर पर दो तरह की एक्सेसरी पर ध्यान दिया गया है, पहला हैंडबैग और दूसरा लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी। हैंडबैग के कई स्टाइल इस कलेक्शन में देखने को मिलते हैं, जैसे क्रॉसबॉडी बैग, स्ट्रक्चर्ड शोल्डर बैग, बकेट बैग, टोट बैग, ऑफिस के लिए क्लासिक बैग, बैकपैक और क्लच। इन बैग्स को अलग-अलग तरह के मटेरियल से बनाया गया है, जिनमें सिंथेटिक लेदर, ब्रेडेड डिजाइन, साटन, राइनस्टोन और मेटैलिक फिनिश जैसे मटीरियल शामिल है। हर बैग को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वह फैशनेबल भी लगे और रोजमर्रा के इस्तेमाल में भी आरामदायक हो। हैंडबैग के अलावा इस ब्रांड में लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी का भी खास कलेक्शन पेश किया गया है। इसमें रिंग, इयररिंग, पेंडेंट, ब्रेसलेट और टेनिस ब्रेसलेट जैसे कई डिजाइन शामिल हैं। इन ज्वेलरी पीस को सिल्वर, गोल्ड और रोज-गोल्ड टोन में तैयार किया गया है। इनका बेस 925 स्टर्लिंग सिल्वर से बनाया गया है, जो ज्वेलरी की क्वालिटी को बेहतर बनाता है। इसके साथ ही इन ज्वेलरी में इस्तेमाल किए गए डायमंड को अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं आईजीआई और जीसीआई से प्रमाणित किया गया है।

# टीम साउदी के साथ काम कर अपने खेल को और बेहतर करूंगा : वैभव अरोड़ा

एजेंसी



**कोलकाता :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा अपने खेल को और बेहतर बनाने पर फोकस कर रहे हैं। अंबाला के इस 28 वर्षीय गेंदबाज ने अब तक अपने आईपीएल करियर में 32 मैचों में 36 विकेट हासिल किए हैं और 2024 में टीम को खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। अरोड़ा ने बताया कि टीम का तैयारी शिविर काफी सकारात्मक रहा है और खिलाड़ी अभ्यास मैचों के साथ-साथ नेट्स में अपनी विविधताओं पर काम कर रहे हैं। उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कहा, ह्लतैयारी अच्छी चल रही है। एक तेज गेंदबाज के तौर पर हमेशा यही कोशिश रहती है कि अपने कौशल को निखारें और मैच में उसे सही तरीके से लागू करें। अरोड़ा ने कहा, ह्लटिम साउदी एक दिग्गज खिलाड़ी हैं। 2023 में हम साथ खेल चुके हैं और मैंने उनसे काफी कुछ सीखा था। अब कोच के रूप में उनके साथ ज्यादा समय मिलेगा, जिससे मैं अपने खेल को और बेहतर बना सकूंगा।ह्व अपनी गेंदबाजी पर बात करते हुए अरोड़ा ने कहा कि ईडन गार्डन्स में नई गेंद ज्यादा देर तक स्विंग नहीं करती, इसलिए गेंदबाजों के लिए विविधता बहुत जरूरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि वह यॉर्कर, स्लोअर बॉल और हार्ड लेंथ जैसी गेंदों पर खास ध्यान दे रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, ह्लटी-20 क्रिकेट में सही गति और नियंत्रण बेहद जरूरी है। बल्लेबाजों के खिलाफ सही गेंद का चुनाव और मैदान के आयामों का इस्तेमाल करना अहम होता है।ह्व आगामी सीजन को लेकर अरोड़ा ने कहा कि टीम का पूरा ध्यान अगले प्रशिक्षण शिविर और मैचों के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार रहने पर है। इस सीजन में टीम के गेंदबाजी कोच बने पूर्व न्यूजीलैंड कप्तान टिम साउदी के साथ काम करने को लेकर अरोड़ा काफी उत्साहित हैं। साउदी के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 700 से अधिक विकेट दर्ज हैं और वह 2021 से 2023 तक केकेआर का हिस्सा भी रह चुके हैं।

आलिया-शखरी स्टारर

# 'अल्फा' 10 जुलाई को होगी रिलीज

**यशराज** फिल्म्स ने अपनी पहली वुमन सेंट्रिक रुपाई फिल्म 'अल्फा' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर यह फिल्म 10 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी। शिव रवैल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दोनों एक्ट्रेस का मुकाबला विलेन बने बॉबी देओल से होगा। यह फिल्म वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली ऐसी कहानी है, जिसमें फीमेल स्पाई को केंद्र में रखा गया है। करीब डेढ़ साल तक चली शूटिंग में कश्मीर का एक लंबा शेड्यूल भी शामिल रहा। फिल्म के क्लाइमैक्स में हाई-ऑक्टेन फाइट सीक्वेंस को वीएफएक्स आधारित बनाया गया है, जिसके लिए विशेष रूप से हाई स्पीड वाले बोल्ट कैमरा का इस्तेमाल किया गया।




**शूटिंग में सीक्रेसी का स्केल भी काफी हाई रहा**

शूटिंग के दौरान बॉबी के डेडिकेशन की भी काफी चर्चा रही। बताया जाता है कि उन्होंने लगातार आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में काम किया। फिल्म में उनका लुक फिल्म 'एनिमल' से बिल्कुल अलग रखा गया है, जिसमें वे साल्ट-एंड-पेपर दाढ़ी और वेस्टर्न स्टाइल ब्लेजर में नजर आएंगे। शूटिंग के दौरान सीक्रेसी का स्केल काफी ऊंचा रखा गया। क्रू मेंबर्स के मोबाइल फोन तक सेट पर बैन थे। कुछ एक्शन सीन्स को पहले बॉडी डबल्स के साथ शूट किया गया और बाद में फेस रिप्लेसमेंट तकनीक से एक्टर्स के चेहरे जोड़े गए, जिसमें करीब 15 से 20 दिन लगे। 'अल्फा' के सेट पर नई पीढ़ी की झलक भी देखने को मिली। जिमी शेरगिल के बेटे वीर शेरगिल ने भी इस फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया है।

**'अल्फा' के अलावा शरवरी की अली-अहान वाली फिल्म यूके में 60 दिनों के लंबे शूटिंग शेड्यूल में हो रही शूट**

निर्देशक अली ने इस फिल्म को स्टूडियो सेट के बजाय रियल लोकेशंस पर शूट करने का फैसला लिया है। इसी वजह से करीब 60 दिनों का लंबा शेड्यूल यूनाइटेड किंगडम में रखा गया है।



फायरिंग की घटना के 40 दिन बाद

# काम पर लौटे रोहित शेट्टी, टाइट सिक्योरिटी के बीच शुरू की इस फिल्म की शूटिंग

लगभग 40 दिन पहले डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग की घटना हुई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, कई आरोपी पकड़े गए हैं। इस माहौल के बीच रोहित शेट्टी को अपनी अपकमिंग फिल्म के शूटिंग सेट पर देखा गया। घर के बाहर हुई फायरिंग की घटना के बाद रोहित शेट्टी लाइमलाइट से दूर चले गए थे। इस घटना के 40 दिन बाद अपने काम पर लौट आए हैं। अपनी अगली फिल्म की शूटिंग डायरेक्टर ने शुरू कर दी है। आगामी फिल्म के सेट से रोहित शेट्टी की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों में चिंता की लकीरें उनके माथे पर साफ दिखीं। जानिए, कौन सी फिल्म की वह शूटिंग कर रहे हैं।

# एएफसी एशियन कप 2027 के लिए वियतनाम क्वालीफाई, मलेशिया बाहर

एजेंसी

**कुआलालंपुर :** एएफसी एशियन कप 2027 की दौड़ में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। एशियाई फुटबॉल महासंघ की अनुशासन एवं नैतिकता समिति के फैसले के बाद मलेशिया को बाहर कर दिया गया, जबकि वियतनाम ने टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह फैसला मलेशिया के लिए बड़ा झटका साबित हुआ है, जबकि वियतनाम के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। जहांगीर बगलारी की अध्यक्षता वाली एशियाई फुटबॉल महासंघ की अनुशासन एवं नैतिकता समिति ने पाया कि मलेशिया फुटबॉल संघ ने नियमों का उल्लंघन किया है। जांच में सामने आया कि टीम ने क्वालीफायर मुकाबलों में अयोग्य खिलाड़ियों को मैदान पर उतारा था। यह कार्रवाई वियतनाम और नेपाल के खिलाफ खेले गए उन मुकाबलों को लेकर की गई, जिनमें मलेशिया ने क्रमशः 4-0 और 2-0 से जीत दर्ज की थी। समिति ने नियमों के तहत इन दोनों मैचों में मलेशिया को 3-0 से पराजित घोषित कर दिया। मलेशिया फुटबॉल संघ ने अपने



बयान में बताया कि इस फैसले के तहत उस पर 50 हजार अमेरिकी डॉलर का जुमार्ना भी लगाया गया है। साथ ही, संघ ने कहा है कि वह इस निर्णय के कारणों को जानने के लिए लिखित अनुरोध करेगा और आगे की कार्रवाई पर विचार करेगा। इस फैसले के बाद वियतनाम ने एएफसी एशियन कप 2027 के लिए स्थान पक्का कर लिया है। यह लगातार तीसरी बार होगा जब वियतनाम इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। इससे पहले वर्ष 2019 में टीम ने क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था।

# आईपीएल 2026 से पहले आरसीबी और एसआरएच को बड़ा झटका, हेजलवुड और कमिंस शुरूआती मुकाबलों से बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरू होने से पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलियाई खेल वेबसाइट कोड स्पोर्ट्स की रिपोर्ट्स के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और पैट कमिंस टूनार्मेंट के शुरूआती मुकाबलों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। दोनों खिलाड़ी फिलहाल अपनी चोटों की वजह से पुनर्वास प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। बैंगलुरु टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और एड़ी की नस से जुड़ी समस्या के कारण लंबे समय से बाहर हैं। माना जा रहा है कि वह कम से कम टीम के शुरूआती दो मुकाबलों में उपलब्ध नहीं रहेंगे। उन्होंने पिछले करीब पांच महीनों से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। पिछले सत्र में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 मैचों में 22 विकेट लेकर टीम को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी।

हैदराबाद टीम के कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट से जूझ रहे हैं और 28 मार्च को बैंगलुरु के खिलाफ होने वाले पहले मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। उनकी वापसी को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसे में शुरूआती मुकाबलों में ईशान किशन टीम की कप्तानी संभाल सकते हैं। कमिंस ने अपने आईपीएल करियर में अब तक 72 मुकाबलों में 79 विकेट लिए हैं। वहीं, पिछले दो सत्रों में उन्होंने हैदराबाद के लिए 30 मैचों में 34 विकेट हासिल किए हैं। दोनों प्रमुख तेज गेंदबाजों की गैरमौजूदगी से टूनार्मेंट के शुरूआती चरण में दोनों टीमों के प्रदर्शन पर असर पड़ना तय माना जा रहा है।



## रमजान में अतिक्रमण पर कार्रवाई, आजमनगर बाजार बंद; पुलिस से नोकझोंक

एजेंसी

**बरेली :** उत्तर प्रदेश के बरेली में रमजान के दौरान बढ़ी भीड़ के बीच शहर के आजमनगर स्थित कबूतर चौक इलाके में बुधवार को अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस ने सख्ती दिखाई। सड़क पर फैली दुकानों और होटल संचालकों द्वारा किए गए कब्जे के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था। हालात यह रहे कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया।

शिकायत मिलने पर कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान कुछ व्यापारियों ने कार्रवाई का विरोध किया और पुलिस से बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई। आरोप है कि एक दुकानदार और उसके परिजन ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता भी की, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा।

पुलिस के सख्त रुख के बाद बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं, जबकि होटल संचालकों को भी तत्काल संचालन रोकने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई के चलते कुछ समय के लिए पूरा बाजार बंद रहा। मामले की जानकारी मिलने पर एसपी सिटी मानुष पारीक मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्ग पर किसी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।एसपी सिटी मानुष पारीक ने कहा कि ह्लत्योहारी सीजन में भीड़ बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन इसके नाम पर सड़क पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। आम लोगों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी। पुलिस से अभद्रता करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। आगे भी इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बिहार के मुजफ्फरपुर में पुलिस और पब्लिक के बीच खूनी भिड़ंत गोली लगने से एक ग्रामीण की मौत, तीन पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर :** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थाना क्षेत्र स्थित असिया गांव मंगलवार की देर रात को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। पास्को एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम और ग्रामीणों के बीच भीषण झड़प हो गई। इस हिंसा में गोली लगने से एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि थानेदार समेत तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी के मुताबिक, बीते दिनों एक नाबालिग लड़की के साथ हुए अपराध के मामले में पास्को कोर्ट ने आरोपी की गिरफ्तारी का आदेश दिया था। इसी आदेश के पालन में गायघाट पुलिस की टीम असिया गांव में छापेमारी करने



पहुंची थी। जैसे ही पुलिस ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, ग्रामीण उग्र हो गए और पुलिस टीम का विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला बोल दिया। मुजफ्फरपुर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कोर्ट के आदेश पर पुलिस छापेमारी करने गई थी, लेकिन टीम पर जानलेवा हमला किया गया। उग्र भीड़ ने पुलिस के दो वाहनों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हमले में गायघाट थानेदार और दो अन्य जवान घायल हुए हैं। घटना के दौरान बचाव में हवाई फायरिंग की भी बात सामने आई है। एसएसपी के अनुसार, ग्रामीणों की तरफ से भी फायरिंग की गई, जिसमें एक स्थानीय व्यक्ति जगतवीर राय (60 वर्ष) को गोली लगी और उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद असिया गांव और आसपास के क्षेत्रों में माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण पुलिस अधीक्षक और डीएसपी पूर्वी भारी पुलिस बल और कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर कैंप कर रहे हैं। फिलहाल, पुलिस पूरे इलाके में फ्लैग मार्च कर रही है ताकि विधि-व्यवस्था बनी रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषियों की पहचान की जा रही है और सरकारी कार्य में बाधा डालने व हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में फिलहाल सन्नाटा पसरा है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर है।

## हिमाचल में फिर बर्फबारी, 20 मार्च तक ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में मौसम के कड़े तेवर जारी हैं। राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में एक बार फिर ताजा बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है, जबकि शिमला, मनाली और अन्य निचले क्षेत्रों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने 20 मार्च तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार इस दौरान कई इलाकों में भारी बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि हो सकती है। साथ ही 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी चेतावनी दी गई है। बीती रात लाहौल-स्पीति के गोंदला, कुकुमसेरी, केलंग और हंसा जैसे क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी दर्ज की गई। किन्नौर, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के ऊंचे इलाकों में लगातार बर्फ गिरने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 18 से 20 मार्च तक मौसम ज्यादा सक्रिय रहेगा, जबकि 20 मार्च को येलो अलर्ट रहेगा। इसके



बाद 22 से 24 मार्च तक भी मौसम खराब बना रहेगा, हालांकि इन दिनों के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। इस बीच भारी बर्फबारी के कारण कुल्लू-लाहौल क्षेत्र में हालात चुनौतीपूर्ण हो गए थे। अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल, सिस्सू और आसपास के इलाकों में करीब 2 हजार वाहन फंस गए थे। पुलिस ने बॉर्डर रोड्स ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) और प्रशासन के सहयोग से बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। यह अभियान 15 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च की शाम तक जारी रहा। इस दौरान करीब 10 हजार से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित निकालकर मनाली की ओर भेजा गया। राहत की बात यह रही कि पूरे अभियान में कोई भी अप्रिय घटना सामने नहीं आई।

प्रशासन ने आगामी दिनों में फिर बर्फबारी की संभावना को देखते हुए लोगों और पर्यटकों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। खासकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों की यात्रा से बचने को कहा गया है। यदि यात्रा जरूरी हो तो केवल 4х4 वाहनों का इस्तेमाल करने, वाहनों में स्नो चेन रखने और पर्याप्त गर्म कपड़े व जरूरी सामान साथ रखने की सलाह दी गई है। कुल्लू पुलिस और प्रशासन ने एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है। तापमान की बात करें तो शिमला में बुधवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री, सुंदरनगर 9.9, भुंतर 8.8, कल्पा 0.9, धर्मशाला 8.2, ऊना 11.0, नाहन 10.7, पालमपुर 12.0, सोलन 7.8, मनाली 3.1, कांगड़ा 13.2, मंडी 11.3, बिलासपुर 12.0, जुब्बड़हट्टी 10.0, कुफरी 6.0, कुकुमसेरी -1.8, सियोबाग 7.7, बरठीं 11.6, कसौली 11.9, पांवटा साहिब 17.0, सराहन 2.1, देहरा गोपीपुर 16.0, ताबो -2.8 और नेरी में 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### पावरिका लिमिटेड का आईपीओ 24 मार्च को खुलेगा, दो अप्रैल को हो सकती है लिस्टिंग

**नई दिल्ली :** डीजल जेन सेट का उत्पादन करने के साथ ही विंड पावर बिजनेस में भी काम शुरू करने वाली कंपनी पावरिका लिमिटेड ने अपने आईपीओ की लॉन्चिंग का ऐलान कर दिया है। कंपनी का 1,100 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 मार्च को खुलेगा। इस आईपीओ में निवेशक 27 मार्च तक बोली लगा सकेंगे। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 30 मार्च को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि एक अप्रैल को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर दो अप्रैल को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 375 रुपये से लेकर 395 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 37 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 37 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,615 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,89,995 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 481 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 2,78,48,100 शेयर जारी हो रहे हैं।

## ईपीएफओ की पहल तेज: 33 हजार पेंशनर्स को मिल रहा लाभ, 27 मार्च को विशेष शिविर

**बरेली :** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने ह्यविकसित भारत रोजगार योजनाह्ण के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़ाने की दिशा में अभियान तेज कर दिया है। विभाग का लक्ष्य अधिक से अधिक कर्मचारियों को पीएफ और पेंशन जैसी योजनाओं से जोड़ना है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-द्वितीय अनिल कुमार ने बताया कि वर्तमान में बरेली में करीब 33 हजार पेंशनर्स ईपीएफओ से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिष्ठानों की पहचान की गई है, जहां कर्मचारी पात्र होने के बावजूद अभी तक ईपीएफओ में पंजीकृत नहीं हैं। जिले में कुल 49 ऐसे संस्थान चिन्हित किए गए हैं। विभाग ने इन प्रतिष्ठानों से शीघ्र पंजीकरण कराने की अपील की है, ताकि कर्मचारियों को भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल सकें। इस अभियान में श्रम विभाग भी सक्रिय सहयोग कर रहा है। डाकघर से जुड़ी बैंकिंग टीम के साथ मिलकर कर्मचारियों और नियोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है, जिससे असंगठित और अर्ध-संगठित क्षेत्र के श्रमिक भी योजनाओं का लाभ उठा सकें। इसी क्रम में ईपीएफओ बरेली 27 मार्च 2026 को ह्यनिधि आपके निकट 2.0ह्ण कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर आयोजित करेगा। यह शिविर आठ जिलों में लगाए जाएंगे, जहां पीएफ, पेंशन और यूएएन से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। वहीं, ईपीएफओ आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर विचार कर रहा है। मौजूदा 8.25 प्रतिशत दर को बढ़ाकर 9 प्रतिशत तक किए जाने की संभावना है। इसके अलावा आधार से लिंक यूएएन के जरिए ऑनलाइन निकासी प्रक्रिया को और सरल बनाने की तैयारी चल रही है। साथ ही न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी को लेकर भी मंथन जारी है।

## सोना हुआ महंगा, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सरार्फा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख नजर आ रहा है। बुधवार को कारोबार की शुरूआत में ही हाजिर सोने के भाव में 620 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 680 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी भी आज 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हो गया। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,58,090 रुपये से लेकर 1,58,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,44,910 रुपये से लेकर 1,45,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सरार्फा बाजार में 2,75,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,58,240 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,58,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,58,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,58,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,58,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## इंदौर में इलेक्ट्रिक कार के चार्जिंग पॉइंट में ब्लास्ट से घर में लगी आग, छह लोगों की मौत

एजेंसी

**इंदौर :** मध्य प्रदेश के इंदौर में बंगाली चौराहा के पास स्थित एक कॉलोनी में आज सुबह करीब 4 बजे एक मकान में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से हुए हादसे छह लोग जिंदा जल गए, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच के मुताबिक, पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी थी। सुबह करीब 4 बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार ने आग पकड़ ली। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया और घर के भीतर फैल गई। बताया जा रहा है कि घर के अंदर दस से ज्यादा गैस सिलेंडर और ज्वलनशील सामग्री रखी हुई थी। आग की चपेट में



आते ही सिलेंडरों में विस्फोट शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि कम से कम 4 सिलेंडर एक के बाद एक फटे, जिससे तेज धमाकों से पूरा इलाका दहल उठा और मकान का एक हिस्सा ढह गया। हादसे के समय पुगलिया परिवार के घर में पारिवारिक कार्यक्रम चल रहा था, जिसके कारण कई सदस्य और रिश्तेदार एक साथ मौजूद थे। घटना के समय अधिकतर लोग सो रहे थे, इसलिए उन्हें बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। स्थिति और गंभीर तब हो गई जब बिजली कटने के बाद घर में लगे इलेक्ट्रॉनिक लॉक काम नहीं कर पाए। आशंका है कि इसी वजह से लोग अंदर ही फंस गए।

राहत और बचाव कार्य जारी

सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक आग पूरे घर को अपनी चपेट में ले चुकी थी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इंदौर के पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

**सभी मृतक एक ही परिवार के**

इस दर्दनाक हादसे में जिन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, उनमें मनोज जैन पुगलिया (65 वर्ष), सिमरन (30 वर्ष), विजय सेठिया (65 वर्ष), सुमन सेठिया (60 वर्ष), राशि (12 वर्ष) और छोटू सेठिया (22 वर्ष) शामिल हैं। घायलों में सौरभ (32 वर्ष), सुनीता (58 वर्ष) और सोमिल को सुरक्षित निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

# स्टॉक मार्केट मे एप्सिस एयरोकॉम की जोरदार एंट्री, प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के फील्ड में काम करने वाली कंपनी एप्सिस एयरोकॉम के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 110 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 43 रुपये के प्रीमियम यानी 39.09 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 153 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली का सपोर्ट मिलने के कारण ये शेयर थोड़ी ही देर में उछल कर 160.65 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 50.65 रुपये यानी 46.05 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। एप्सिस एयरोकॉम का



35.77 करोड़ रुपये का आईपीओ 11 मार्च से 13 मार्च के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 129.33 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 99.96 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 236.61 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 100.24 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 32.52 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी प्लांट और मशीनरी खरीदने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.03 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 2.55 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 6.64 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 3.12 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 10.41 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 16.88 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 20.57 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 13.70 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 2.07 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में कम होकर 1.32 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 2.84 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 की बात करें।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मैनपुरी में बड़ा हादसा : रात में कच्ची दीवार गिरने से मां और दो बच्चों की मृत्यु, पिता समेत दो बेटियां घायल

**मैनपुरी :** उत्तर प्रदेश के जनपद मैनपुरी में बीती रात टीन शेड कच्ची दीवार और ऊपर लगी टीन शेड के गिरने से नीचे सो रही मां रूबी और दो बच्चों की मौत हो गई जबकि पिता ब्रजेश व दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मैनपुरी के थानाक्षेत्र कुरावली अंतर्गत ग्राम अठ पुरा में मंगलवार को देर रात्रि करीब 12 बजे ब्रजेश (50) पुत्र लाल सिंह के घर की कच्ची दीवार व टीनशेड अचानक गिर गयी । तीन शेड के नीचे बृजेश, बृजेश की पत्नी और चार छोटे बच्चे सो रहे थे। कच्ची दीवार और तीन शेड अचानक गिरने से गहरी नींद में सो रहे परिवार को संभलने का मौका नहीं मिला और दीवार व टीनशेड के नीचे दबकर ब्रजेश की पत्नी रूबी (40), बेटा दिलीप (08) और बेटी देवी (13) की मौके पर मौत हो गई। चीख पुकार से ग्रामीण व पड़ोसी ब्रजेश के घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। हादसे में घायल ब्रजेश , गुडिया (15 ) एवं पल्लवी (05 वर्ष) को पुलिस द्वारा मौके पर पहुॅचकर घायलों को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया । मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। गाँव में एक ही परिवार के तीन लोगों की एक साथ मृत्यु हो जाने के बाद गांव में माहौल बहुत गमगीन है। पीड़ित परिवार के पड़ोसियों ने बताया कि बृजेश के घर में पुरानी कच्ची दीवार पर टीन शेड पड़ा हुआ था। इस दीवार को पक्की बनाने के लिए कच्ची दीवार के निकट ही नींव खोदी गई थी,जिसमें पानी भरा था। इस पानी की सीलन के चलते ही दीवार गिरने की बात कही जा रही है। इंस्पेक्टर कुरावली ललित भाटी ने बताया कि एक ही परिवार में एक महिला व उसके दो बच्चों की दीवार में दबने से मृत्यु हो गई है मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेज दिया गया है।घायलों को अस्पताल में भर्ती कर दिया है जहां उनका इलाज चल रहा है।

### प्रयागराज में महिला की भारी वस्तु से प्रहार करके हत्या

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में सराय इनायत गांव में बुधवार को एक महिला की किसी वजनदार वस्तु सेसे सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। मृतका के परिवार से तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। हालांकि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या के संबंध में जांच की जा रही है। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि बुधवार सुबह सराय इनायत थाने को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि छीटपट्टी गांव में संगीता (30) पत्नी शैलेश की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही सराय इनायत थानाध्यक्ष संजय गुप्ता तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और महिला के शव को कब्जे में जांच शुरू कर दी। पुलिस कहना है कि उसके सिर में किसी वजनदार वस्तु से वार करके हत्या की गई है। आशंका है कि उसका गला भी दबाया गया है। हत्या की सूचना पर घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के मायके वालों से तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या उसके पति ने की है।

### पीर की गली में ताजा बर्फबारी के कारण मुगल रोड बंद

**जम्मू :** पीर की गली में ताजा बर्फबारी और बारिश के बाद बुधवार को अधिकारियों ने मुगल रोड को सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद कर दिया। एसएसपी ट्रैफिक रूरल फारूक कासियर ने बताया कि खराब मौसम के कारण सुरक्षा संबंधी चिंताओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अगली सूचना तक सड़क पर किसी भी प्रकार के वाहन की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों को इस मार्ग पर यात्रा करने से बचने और आधिकारिक अपडेट का पालन करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि सड़क की स्थिति की समीक्षा की जाएगी और आवागमन के लिए सुरक्षित घोषित होने के बाद अपडेट दिया जाएगा।

### चंपावत में आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित

**चंपावत :** जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आकलन करने के उद्देश्य से बुधवार को व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान भूस्खलन, बाढ़, वनाग्नि और वन्यजीव हमले जैसी विभिन्न आपदा परिस्थितियों से निपटने का पूर्वाभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के तहत लोहाघाट क्षेत्र में भूस्खलन की काल्पनिक स्थिति तैयार कर राहत एवं बचाव दल की त्वरित कार्रवाई का परीक्षण किया गया। वहीं, टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग-09 के स्वाला क्षेत्र में मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति का प्रदर्शन कर यातायात प्रबंधन एवं मार्ग बहाली की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। बाराकोट क्षेत्र के समीप वन क्षेत्र में बाघ के हमले की काल्पनिक सूचना पर पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान संचालित किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एंबुलेंस के साथ पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया।

टनकपुर के थवालखेड़ा क्षेत्र में अचानक बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर स्थानीय लोगों को सतर्क करने तथा सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का अभ्यास किया गया। साथ ही जंगलों में वनाग्नि की घटना को नियंत्रित करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा समन्वित कार्रवाई का भी पूर्वाभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया और आपदा से निपटने की क्षमता का परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने इसे आपदा प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के अभ्यास नियमित रूप से जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

### रिश्तेदार ने इंस्टाग्राम पर शेयर की महिला की न्यूड फोटो, केस दर्ज

**महोबा :** यूपी के महोबा जनपद में एक महिला की अश्लील फोटो उसके रिश्तेदार ने ही इंस्टाग्राम पर शेयर कर दी और विरोध करने पर उसे व परिजनों को जान से मारने की धमकी दी । तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जनपद के अजनर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने बताया कि मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के पत्तापुर निवासी उसकी छोटी बहन का देवर बबलू यादव उसे लगातार परेशान कर रहा है। बताया कि आरोपित ने उसकी न्यूड फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी , जिससे उसकी बदनामी हो रही है। जिसके लिए मना करने पर दबंग रिश्तेदार उसे व परिजनों को जान से मारने की धमकी दे रहा है। कई बार मना करने के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जिसके बाद महिला ने थाना में सूचना दी। बुधवार को अजनर थाना प्रभारी सुभाषचंद्र ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## ट्रेन मैनेजर का शव देर रात आया टाटानगर

**जमशेदपुर :** गीतांजलि एक्सप्रेस में ड्यूटी के दौरान मृत ट्रेन मैनेजर देवेंद्र शर्मा का शव देर रात टाटानगर रेलवे अस्पताल लाया गया। उनके शव का अंतिम संस्कार बुधवार दोपहर बिष्टूपुर स्थित पार्वती श्मशान घाट पर होगा। शव यात्रा ट्रेन मैनेजर के परसूडीह स्थित आवास से निकलेगी। ट्रेन मैनेजर के निधन पर मेंस कांग्रेस के शशि मिश्रा, मेंस यूनियन के एमके सिंह, ओबीसी कर्मचारी संघ के मुंद्रिका प्रसाद व ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के नेताओं ने शोक जताया है।

## मिशन समृद्धि का कार्य कभी रुका नहीं कभी थका नहीं : शर्मिला सुमी



**मेदिनीनगर :** अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित मिशन समृद्धि संस्था बहुत ही गंभीर है।भोजन कपड़ा वितरण करना,वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित करना,महिलाओं को स्वावलम्बी बनाना और भी अन्य काम है जो संस्था करती ही रहती है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढाई के साथ साथ उन्हें कला और खेल के प्रति भी जागरुक करते रहना संस्था आवश्यक समझती है। अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि कचरवा जाना आसान नहीं होता है और वहाँ के बच्चों को सही मार्ग पर लाना भी सहज नहीं था। फिर भी हमारी कोशिश हमेशा होती है कि वहाँ के बच्चों को खेल खेल के बहाने शिक्षा के प्रति जागरूक करते रहे। बच्चों के माता पिता का शिक्षित नही होने के कारण हम जितना विकास चाहते हैं वह पूरी नहीं हो पाती। लेकिन प्रयास हमारा कमजोर नहीं है।अहिल्या गिरि बैजन्ती गुप्ता आशा शर्मा वीणा राज रंजीता सबों के परिश्रम और सहयोग का परिणाम है कि शिक्षा के प्रति संस्था काम कर पा रही है।

## डोरंडा में हेलमेट पहने अपराधियों ने अपना मार्ट में घुस 67 हजार लूटे, हुए फरार

**रांची :** राजधानी के डोरंडा थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम लूट की घटना को अंजाम दिया गया. डोरंडा स्थित ह्यअपना मार्टह्व में चार अज्ञात युवक हेलमेट पहनकर घुसे और हथियार का भय दिखा कर काउंटर पर रखी नकद लूटकर फरार हो गए.

दुकानदार के अनुसार, बदमाशों ने करीब 67 हजार रुपये लूट लिए. कुछ ही मिनटों में घटना को अंजाम देकर फरार भी हो गए. वारदात के दौरान अपराधियों ने चेहरे छुपाने के लिए हेलमेट पहन रखा था. पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. फुटेज में साफ दिख रहा है कि चार युवक तेजी से दुकान में घुसते हैं और कैश लेकर भाग निकलते हैं.

## बीपीएल बच्चों के नामांकन में देरी पर उठी आवाज, शीघ्र कार्रवाई की मांग

जमशेदपुर : जिले में बीपीएल श्रेणी के बच्चों का विद्यालयों में नामांकन लंबित होने पर जनसत्याग्रह के अध्यक्ष मनजीत कुमार मिश्रा ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश अनिवार्य है, बावजूद इसके जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय की लापरवाही से प्रक्रिया अटकी हुई है।उन्होंने प्रशासन से जल्द नामांकन सुनिश्चित करने और निजी स्कूलों में फीस भुगतान के लिए नकद व डेबिट कार्ड की सुविधा लागू करने की मांग की है, ताकि गरीब अभिभावकों को राहत मिल सके।

## एसआईआर को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण

**जमशेदपुरः** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) हेतु जगदीश चन्द्र उच्च विद्यालय, घाटशिला के आशा ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह के द्वारा बहरागोड़ा, घाटशिला तथा पोटका विधान सभा क्षेत्र के डुमरिया प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजर को नोशनल मकान संख्या, स्टीकर, एएसडी, लॉजिकल तार्किक विसंगति, एसआई 2003 के साथ मैपिंग आदि के संबंध में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया।

## मॉल के प्रधान मैनेजर और पत्नी पर 4.45 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

**जमशेदपुर :** बिष्टूपुर स्थित एक मॉल के प्रधान मैनेजर प्रसेनजीत गुप्ता और उनकी पत्नी देवलीना गुप्ता पर मॉल के ही एक दुकान संचालक विमल कुमार अग्रवाल ने 4.45 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। विमल ने इस संबंध में बिष्टूपुर थाना के साथ-साथ एसएसपी और डीएसपी सीसीआर को लिखित शिकायत दी है। शिकायत में विमल ने बताया कि प्रसेनजीत अक्सर उनके पास आते थे और पत्नी के बीमार होने की बात कहकर आर्थिक सहयोग की मांग करते थे। इस दौरान विमल ने 3 अक्तूबर 2024 से लेकर 31 जनवरी 2025 के बीच 2.25 लाख रुपये प्रसेनजीत को दिए। इसके बाद 6 जनवरी से 15 जनवरी तक 2.20 लाख रुपये दिए।

प्रसेनजीत ने रुपये वापस लौटाने का वादा किया था, लेकिन अबतक कोई राशि नहीं लौटाई गई। कई बार रुपये मांगने पर दोनों ने दुकान आकर 2.25 लाख रुपये का चेक दिया, जिसे बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गया। चेक बाउंस की बात कहने पर देवलीना ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद से उनकी दुकान पर असामाजिक तत्व आकर गाली-गलौज कर धमकी दे रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्टेशनों की सफाई पर नजर रखेगी रेलवे जोन की टीम

**जमशेदपुर :** दक्षिण पूर्व जोन के मॉडल स्टेशन टाटानगर समेत अन्य की सफाई पर रेलवे की नजर है। स्टेशनों की सफाई व्यवस्था पहले कमर्शियल और हेल्थ डिपार्टमेंट के संयुक्त देखरेख से होता था लेकिन कुछ महीने पूर्व रेलवे ने एक नया विभाग ईएनएचएम बनाया है। जानकार बताते हैं कि यात्रियों को स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा के तहत बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की योजना से टाटानगर समेत अन्य स्टेशनों पर सफाई की निगरानी के लिए मंडल और जोनल स्तर पर टीम बनेगी।

# असम चुनाव में झामुमो का बड़ा दांव विधायक सुखराम उरांव होंगे स्टार प्रचारक



### हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो ने कसी कमर; सुखराम उरांव को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आगामी असम विधानसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीतिक बिसात बिछा दी है। पार्टी ने अपने कद्दावर नेता और चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव पर भरोसा जताते हुए उन्हें स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ सुखराम उरांव असम के चुनावी रण में पार्टी का मुख्य चेहरा होंगे।

घाटशिला उपचुनाव की सफलता का मिला प्रतिफलः

विधायक सुखराम उरांव को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उनके पिछले सफल ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए दी गई है। गौरतलब है कि इससे पूर्व घाटशिला उपचुनाव में उन्होंने स्टार प्रचारक के रूप में अत्यंत सक्रिय और प्रभावी भूमिका निभाई थी। उस दौरान उन्होंने न केवल जमीनी स्तर पर जनसंपर्क किया, बल्कि कई प्रमुख सामाजिक संगठनों को झामुमो के पक्ष में एकजुट करने में भी सफलता हासिल की थी। उनके इसी संगठनात्मक कौशल और प्रभावी संवाद शैली को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने अब असम में भी उनसे इसी तरह के करिश्मे की उम्मीद जताई है।

असम में झामुमो का लक्ष्यः

असम चुनाव में झामुमो विशेष रूप से वहां बसे झारखंडी मूल के लोगों और चाय बागान श्रमिकों के बीच अपनी पैठ मजबूत करना चाहती है। सुखराम उरांव का स्टार प्रचारक बनना इस लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वे सामाजिक समीकरणों को साधने में माहिर माने जाते हैं। पार्टी को उम्मीद है कि उनकी मौजूदगी से असम में झामुमो के पक्ष में एक मजबूत माहौल बनेगा।

## संघर्ष से सफलता तकः अपर्णा विश्वकर्मा बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल



कहते हैं कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के आगे हर मुश्किल छोटी पड़ जाती है। इसी कहावत को सच कर दिखाया है अपर्णा विश्वकर्मा ने, जिन्होंने संघर्ष भरे सफर से सफलता की नई कहानी लिखी है।

24 जुलाई 1992 को जन्मीं अपर्णा विश्वकर्मा बचपन से ही कुछ अलग करने का जज्बा रखती थीं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डेहरी कॉलेज से प्राप्त की, जबकि हाई स्कूल की पढ़ाई रमला मीज जनवाली केंद्र से पूरी की। इसके बाद उन्होंने महिला कॉलेज, डालमीनगर से स्नातक की डिग्री हासिल की।

पढ़ाई के साथ ही उनके मन में आत्मनिर्भर बनने और दूसरों को भी आगे बढ़ाने का सपना आकार लेने लगा। ब्यूटी लाइन में उनकी खास रुचि ने उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। शुरूआती दौर में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन अपने आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर उन्होंने हर मुश्किल को पार कर लिया।

आज अपर्णा विश्वकर्मा पिछले 6 से 7 वर्षों से अपनी टीम के साथ सफलतापूर्वक ब्यूटी व्यवसाय का संचालन कर रही हैं। उन्होंने न केवल खुद को स्थापित किया है, बल्कि कई लोगों को रोजगार और हुनर सिखाकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्रदान किया है।

ब्यूटी इंडस्ट्री के अलावा अपर्णा जी की रुचि सिलाई-कढ़ाई और टेटिंग (हस्तकला) में भी है। वह इन क्षेत्रों में भी नए आयाम स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं।

अपर्णा विश्वकर्मा आज उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं, जो अपने सपनों को साकार करने का हौसला रखती हैं। उनका जीवन यह संदेश देता है कि मजबूत इरादों और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## परसुडीह में बकरी चोरी का खुलासा, एक आरोपी पकड़ाया, 8 बकरियां बरामद

**जमशेदपुर :** परसुडीह थाना क्षेत्र में बकरी चोरी का मामला सामने आया है। हितकु निवासी लाल बाबू सिंह की दो बकरियां कुछ दिन पहले चोरी हो गई थीं, जिसके बाद उन्होंने संदिग्ध कार का नंबर नोट कर लिया था। बुधवार को वही कार दोबारा दिखने पर उन्होंने पीछा किया और स्थानीय लोगों की मदद से वाहन को रोक लिया। कार में सवार तीन में से दो आरोपी फरार हो गए, जबकि एक युवक पकड़ा गया। तलाशी में वाहन से 8 बकरियां बरामद हुईं। घटना से गुस्साए लोगों ने आरोपी की पिटाई कर दी। इधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को बचाकर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

## सर हमें है आप पर गर्व

**रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के पदस्थापना काल से अब तक है उपलब्धि और कामयाबी उनकी सशक्त पहचान**



**ज्योति पाठक**

भारतीय पुलिस सेवा 2017 बैच के लोकप्रिय कर्मठ एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईपीएस अधिकारी की बात चलती है तो रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन का नाम स्वतः जुबां पर चला आता है इसकी प्रमुख वजह यह है कि श्री रंजन जहां भी पदस्थापित रहे अपने उत्कृष्ट कार्यो से सशक्त पहचान बनाई है।

सरायकेला के एसडीओ सह सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में उनकी पदस्थापना की बात हो या फिर चतरा, देवघर में लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक की उनकी बेहतर कार्य प्रणाली और उपलब्धि ही उनकी सशक्त पहचान है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के रूप में बेहतर विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और आम लोगों के लिए पुलिस की सहज,सरल और बेहतर प्रगाढ़ संबंध भी काफी कारगर रहा है।सभी थानों के कार्यों का अवलोकन, विभिन्न थाना प्रभारियों के बेहतर कार्यो को प्रोत्साहन और उनपर अनुशासन इनके कार्यों की प्रमुखता में शामिल है।देर रात्रि को स्वयं राजधानी के सड़कों पर निकल कर विधि व्यवस्था का अवलोकन भी काफी कारगर है।इसी का सार्थक परिणाम है कि मुख्यमंत्री ने भी इनके द्वारा की जा रही राजधानी की विधि व्यवस्था को सराहा है।

# मेदिनीनगर भूसी गांव में दो पक्षों के विवाद का शांतिपूर्ण समाधान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर के भूसी गांव में दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद को आपसी समझदारी और सामाजिक पहल से सुलझा लिया गया। इस मामले में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन पलामू सदर [ मुस्तफा कमाल ], सामाजिक कार्यकर्ता [ अरविंद ] और गांव के [ मुखिया ] ने अहम भूमिका निभाई।

जानकारी के अनुसार, भूसी गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट , कहासुनी और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। मामला मारपीट और थाना पुलिस हो गया था वहां के लोगों ने ये आशंका को देखते हुए स्थानीय लोगों ने पहल की। पलामू सदर [ मुस्तफा कमाल] , [ अरविंद ] तथा गांव के [ मुखिया ] मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को बैठाकर समझाया।

काफी देर तक चली बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद को खत्म करने का फैसला किया और भविष्य में आपसी भाईचारे के साथ रहने की बात कही। इस पहल से गांव में शांति का माहौल बना हुआ है और स्थानीय लोगों ने भी इस सुलह की सराहना की है।

ग्रामीणों ने कहा कि समय पर हस्तक्षेप होने से एक बड़ा विवाद टल गया और गांव में सौहार्द कायम रहा।दिनीनगर के भूसी गांव में दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद को आपसी समझदारी



और सामाजिक पहल से सुलझा लिया गया। इस मामले में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन पलामू सदर [ मुस्तफा कमाल ], सामाजिक कार्यकर्ता [ अरविंद ] और गांव के [ मुखिया ] ने अहम भूमिका निभाई।

जानकारी के अनुसार, भूसी गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट , कहासुनी और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। मामला मारपीट और थाना पुलिस हो गया था वहां के लोगों ने ये आशंका को देखते हुए स्थानीय लोगों ने पहल की। पलामू सदर मुस्तफा कमाल, अरविंद तथा गांव के मुखिया मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को बैठाकर समझाया।

काफी देर तक चली बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद को खत्म करने का फैसला किया और भविष्य में आपसी भाईचारे के साथ रहने की बात कही। इस पहल से गांव में शांति का माहौल बना हुआ है और स्थानीय लोगों ने भी इस सुलह की सराहना की है।

ग्रामीणों ने कहा कि समय पर हस्तक्षेप होने से एक बड़ा विवाद टल गया और गांव में सौहार्द कायम रहा।

# वैश्य एकता दिवस पर गौ सेवा कार्यक्रम समाज ने एकजुटता का लिया संकल्प

**जमशेदपुर :** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, झारखंड प्रदेश द्वारा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रामदास अग्रवाल की पुण्य स्मृति में 17 मार्च को ह्ववैश्य एकता दिवसह्व के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर वैश्य समाज के लोगों ने गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जमशेदपुर के जुगसलाई स्थित गौशाला में विधिवत गौ पूजन किया गया और गौमाता को चारा खिलाकर सेवा भाव प्रकट किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाज बंधुओं ने गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई। साथ ही वैश्य समाज को संगठित, सशक्त और एकजुट बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया गया। गौ सेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों की सहभागिता रही। इस मौके पर प्रदेश महासचिव विकास गुप्ता, जुगसलाई वार्ड पार्षद सत्यनारायण अग्रवाल, शिल्पा तापरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शंकरलाल मित्तल, सतीश गुप्ता, ऋषि गुप्ता, अभिषेक बजाज, रामरतन खंडेलवाल, दिनेश प्रसाद, महेश साहू, रामचंद्र मंडल, अनंत सरायवाला, प्राची, अनिल मित्तल, श्रवण अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एनआईटी जमशेदपुर में 'एआई इंजीनियरिंग एंड इनोवेशन' पर होगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**जमशेदपुर :** तकनीकी नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में वैश्विक संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर एक भव्य आयोजन की मेजबानी करने जा रहा है। संस्थान के विद्युत अभियंत्रण विभाग द्वारा आगामी 26 से 28 मार्च 2026 तक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एआई इंजीनियरिंग एंड इनोवेशन का आयोजन किया जाएगा। अपने प्रथम संस्करण में ही यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आकर्षण का केंद्र बन चुका है, जिसकी आधिकारिक वेबसाइट पर अब तक दुनिया के 88 अलग-अलग देशों के शोधकर्ता अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं।यह महत्वपूर्ण आयोजन संयुक्त राज्य अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ डकोटा के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च विभाग के साथ मिलकर किया जा रहा है। सम्मेलन को आईईईई, आईईईई सिस्टम्स काउंसिल, आईईईई कोलकाता सेक्शन और एनआईटी जमशेदपुर की आईईईई स्टूडेंट ब्रांच का तकनीकी सहयोग प्राप्त है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य व्याख्यान, तकनीकी सत्र, ट्यूटोरियल और उद्योग केंद्रित पैनल चर्चाओं की एक विस्तृत श्रृंखला आयोजित होगी, जहां एआई के उभरते आयामों पर गहन मंथन किया जाएगा।सम्मेलन का नेतृत्व जनरल चेयर्स डॉ. वी. पी. मीना (एनआईटी जमशेदपुर) और प्रोफेसर के.सी. संतोष (यूएसडी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च, यूएसए) कर रहे हैं।

# मानगो के नव निर्वाचित डिप्टी मेयर राहुल कश्यप ने मेयर सुधा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की

**संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मुलाकात के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों के बीच नगर निगम के कार्यों की वर्तमान स्थिति, विभिन्न वार्डों में चल रही विकास योजनाओं, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल संकट, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से आने वाले गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने, टैंकरों की संख्या बढ़ाने एवं पाइपलाइन व्यवस्था को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया।डिप्टी मेयर राहुल कश्यप ने मेयर सुधा गुप्ता के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मानगो के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने विश्वास जताया कि समन्वय और सहयोग के साथ नगर निगम नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।वहीं मेयर सुधा गुप्ता ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित और स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही उन्होंने डिप्टी मेयर सहित सभी पार्षदों एवं अधिकारियों से सामूहिक प्रयास के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि शहर को एक स्वच्छ, व्यवस्थित और विकसित नगर के रूप में स्थापित किया जा सके।

